www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:47 बजे
सूर्यास्त शाम 5:33 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-80 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • मंगलवार 25 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर



# अलविदा धर्मवीर...

8 दिसंबर 1935
24 नवंबर 2025

## स्टारडम उनकी जिंदगी का हिस्सा था, मिट्टी उनकी असली पहचान...

**मुंबई|** हिंदी फिल्मों के सबसे करिश्माई, ताकतवर और दिलकश सितारों में शुमार धर्मेंद्र का सोमवार सुबह 89 वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। सूत्रों ने पवन हंस श्मशान में उनके अंतिम संस्कार की पुष्टि की। 8 दिसंबर को वे 90 वर्ष के होने वाले थे। पिछले कुछ समय से वे अस्वस्थ चल रहे थे और सांस लेने में दिक्कत के कारण अक्टूबर में अस्पताल में भर्ती भी हुए थे। डॉक्टरों ने बताया था कि वे विस्तृत मेडिकल चेकअप कराना चाहते थे। कुछ महीने पहले उनका कॉर्निया ट्रांसप्लांट भी हुआ था।

चमक-दमक वाले बॉलीवुड से दूर, धर्मेंद्र का दिल हमेशा खेत-खलिहानों में बसता था। उनका लोनावाला स्थित 100 एकड़ का फार्महाउस प्रकृति का एक शांत मंदिर है। लकड़ी, पत्थर और मिट्टी की महक से भरा यह घर धर्मेंद्र के मूल स्वभाव का प्रतिबिंब है-सादा, गर्मजोशी से भरा और परिवार को साथ लेकर चलने वाला। साहनेवाल, पंजाब में जन्मे धर्मेंद्र के भीतर किसान की आत्मा हमेशा जिंदा रही। स्टारडम उनकी जिंदगी का हिस्सा था, लेकिन मिट्टी उनकी असली पहचान।

धर्मेंद्र ने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया और हर दशक में दर्शकों का दिल जीता। 1960 में 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से शुरुआत करने वाले इस पंजाब के नौजवान ने जल्द ही खुद को रोमांटिक हीरो के रूप में स्थापित कर लिया। 60 और 70 के दशक में विदेशी पत्रिकाएँ उन्हें दुनिया के सबसे सुंदर पुरुषों में गिनती थीं, कई लिस्ट में पहले पाँच में, कुछ में तो पहले नंबर पर। पॉल न्यूमैन और जेम्स डीन से उनकी तुलना होना भारतीय सिनेमा के लिए एक दुर्लभ क्षण था।

धर्मेंद्र ने एक बार कहा था, "लोग कहते थे मैं हॉलीवुड स्टार जैसा दिखता हूँ... मैंने उसकी फिल्म देखी, फिर लगा—हाँ, शायद उनसे थोड़ा सा।" यही सादगी, यही बिंदासपन उन्हें दर्शकों का 'धरम भाजी' बनाता था।

धर्मेंद्र की फिल्मों की तरह उनकी जिंदगी भी रोमांचक किस्सों से भरी है। 1952 में, फिल्मों में आने से 8 साल पहले, वे मुंबई आए और दिलीप कुमार से मिलने की ठान ली। घर में कोई सुरक्षा नहीं थी, सो वे सीधे अंदर चले गए—और खुद को दिलीप साहब के बेडरूम में खड़ा पाया। दिलीप कुमार अचानक उठे तो धर्मेंद्र डर के मारे भाग खड़े हुए! उन्होंने बाद में कहा—"सपने देखना गलत नहीं पर कभी-कभी मैं हद से आगे निकल जाता था।"धर्मेंद्र हमेशा कहते थे—"मैंने कभी अपने बच्चों में फर्क नहीं किया। वे मेरे दिल के हिस्से हैं।"सनी, बॉबी, विजेता, अजीता, ईशा और अहाना—धर्मेंद्र का परिवार उनके जीवन की असली ताकत था।

# कनाडा में छात्राओं से हैरसमेंट के दोषी पंजाबी को पहले जेल हुई और अब होगा डिपोर्ट

- ओंटारियो कोर्ट का फैसला जगजीत सिंह ने हाई स्कूल की छात्राओं से अनुचित संपर्क किया



**एजेंसी | ओंटारियो**

कनाडा में एक पंजाबी नागरिक को हाई स्कूल की छात्राओं से अनुचित और आपराधिक हैरसमेंट के मामले में दोषी ठहराया गया है। 51 वर्षीय जगजीत सिंह, जो अस्थायी वीजा पर सार्निया, ओंटारियो पहुंचा था, स्थानीय अदालत में सुनवाई के बाद कम अवधि की जेल, तीन साल प्रोबेशन और कनाडा में आजीवन प्रवेश प्रतिबंध की सजा पाए हैं। उन पर डिपोर्टेशन की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सिंह जुलाई में छह महीने के वीजा पर कनाडा गया था। 8 से 11 सितंबर के बीच वे बार-बार सार्निया के एक हाई स्कूल के स्मोकिंग एरिया में पहुंचता रहा और कम उम्र की छात्राओं से बातचीत, फोटो खिंचवाने और उनके बीच बैठने की कोशिश करता दिखा। एक छात्रा ने पहले फोटो से मना किया, लेकिन बाद में मान गई। इसके बाद सिंह उसकी निजी जगह में घुस आए और फोटो के दौरान कंधे पर हाथ रख दिया, जिससे छात्रा असहज होकर दूर हो गई।

इसी दौरान सार्निया पुलिस को कई शिकायतें मिलीं कि एक व्यक्ति हाई स्कूल के पास अनचाही और अनुचित बातचीत कर रहा है, जिसमें नशीले पदार्थों और शराब जैसी बातें शामिल थीं। आरोप है कि जगजीत सिंह छात्राओं का स्कूल से बाहर निकलने के बाद भी पीछा करते थे और एक मौके पर उसने एक लड़की को गलत तरीके से छुआ, जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

16 सितंबर को क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिवीजन ने उन्हें मैनहैट्टन ड्राइव स्थित निवास से गिरफ्तार किया। 19 सितंबर को रिमांड के बाद उसे जमानत मिली, लेकिन एक सप्ताह बाद नए आरोप लगने पर 23 सितंबर को उसे दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। अगले दिन उसकी फिर से पेशी हुई, जहां अतिरिक्त यौन दखल के आरोप भी जोड़े गए।

सुनवाई के दौरान सिंह ने दुभाषिए की मदद से क्रिमिनल हैरसमेंट के हल्के आरोप को स्वीकार किया, लेकिन यौन दखल के आरोप से इंकार किया। अदालत ने उनके हाई स्कूल परिसर में बार-बार जाने को गंभीर रूप से आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि यह व्यवहार किसी भी तरह स्वीकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने उसे तीन साल की प्रोबेशन पर रखते हुए कई प्रतिबंध लगाए हैं। वह शिकायतकर्ता दोनों लड़कियों से किसी भी प्रकार की बातचीत या संपर्क नहीं कर सकते। उसके रहने, पढ़ने या काम करने की जगह के आसपास नहीं जा सकते। अपने नवजात पोते को छोड़कर किसी भी 16 साल से कम उम्र के व्यक्ति के पास रहना या बातचीत करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। किसी भी स्कूल, पार्क, प्लेग्राउंड, स्विमिंग पूल या कम्युनिटी सेंटर के 100 मीटर दायरे में जाना भी मना है।

जगजीत सिंह के पास 30 दिसंबर की भारत वापसी की टिकट है, लेकिन आपराधिक मामला सामने आने के बाद वह इससे पहले भारत लौटने की कोशिश कर रहा था। कनाडा सरकार ने उसके डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### इजराइल में सुरक्षा चूक, 9 सैन्य अधिकारी बर्खास्त

**तेल अवीव|** इजराइल डिफेंस फोर्स ने 7 अक्टूबर 2023 के हमास हमले में हुई सुरक्षा चूक के लिए बड़ी कार्रवाई की है। IDF चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जामिर ने 9 शीर्ष सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया। जामिर ने कहा कि ये अधिकारी हमले को रोकने में नाकाम रहे थे, जिसमें 1200 से अधिक इजराइली नागरिकों की मौत हुई थी। इस निर्णय से पहले, रविवार को देशभर में सुरक्षा चूक और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए।

### दो बसों की टक्कर, 6 की मौत, 28 घायल

**तेनकासी|** तमिलनाडु के तेनकासी जिले में सोमवार को दो प्राइवेट बसों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, एक बस मदुरै से सेनकोट्टई और दूसरी तेनकासी से कोविलपट्टी की ओर जा रही थी। तेज रफ्तार में दौड़ रही कीसर बस चालक की लापरवाही के कारण दोनों बसें बीच सड़क पर टकरा गईं। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

## अयोध्या ध्वजारोहण समारोह के लिए तैयार, PM मोदी आज फहराएंगे राम मंदिर का पवित्र झंडा

# 100 टन फूलों से सजी अयोध्या; सुरक्षा के लिए एनएसजी, एटीएस, एसपीजी की तैनाती

**एजेंसी| अयोध्या**

मंदिरों का शहर अयोध्या एक बार फिर ऐतिहासिक उत्सव के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 25 नवंबर को राम जन्मभूमि मंदिर में आयोजित विशेष ध्वजारोहण समारोह में शामिल होंगे। इससे पहले सोमवार सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे। यह झंडा फहराने का कार्यक्रम मंदिर परिसर में मुख्य सिविल कार्यों के पूर्ण होने का प्रतीक होगा। शहर को इस भव्य अवसर के लिए उत्सवमय रूप देने के लिए तैयारियां ज़ोरों पर हैं। मंदिर परिसर और अयोध्या के प्रमुख मार्गों को सजाने के लिए करीब 100 टन फूलों का उपयोग किया गया है। पूरा क्षेत्र भव्य सजावट और आध्यात्मिक उत्साह से गुलजार है।

### ध्वजारोहण समारोह में कौन होगा शामिल

*25 नवंबर को होने वाला यह समारोह राम मंदिर निर्माण की प्रमुख उपलब्धियों में से एक माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उन लगभग 6,000 आमंत्रितों में शामिल हैं, जिन्हें समारोह में बुलाया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रह सकते हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस बार मेहमानों की सूची को सीमित रखा गया है। जहां 22 जनवरी 2024 को हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में 7,500 लोग मौजूद थे, वहीं परिसर एवं परकोटे की दीवारों के निर्माण कार्य के चलते इस बार अतिथियों की संख्या घटाई गई है। आमंत्रितों में पूर्वी यूपी के अधिक लोग, विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि और अयोध्या के 500 से अधिक*



*साधु-संत भी शामिल हैं। ट्रस्ट ने अपील की है कि 25 नवंबर को आम श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए न आएं। 23 नवंबर की रात 11 बजे से अयोध्या की तरफ लोडर गाड़ियां जैसे- ट्रक, ट्रैक्टर रोक दी गई हैं। यह 26 नवंबर की आधी रात तक रहेगी।*

- **पुरातन परंपरा से जुड़ा झंडा विशेष महत्व...** *अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह पर फहराया जाने वाला झंडा ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। ध्वजारोहण मंदिर निर्माण के मुख्य चरणों के पूरे होने की आधिकारिक घोषणा भी होगा। इंडोलॉजिस्ट ललित मिश्रा ने मेवाड़ की रामायण पेंटिंग का अध्ययन करते हुए इस प्राचीन झंडे की पहचान की, जिसकी पुष्टि बाद में वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड में भी हुई।*
- **झंडे में तीन प्रमुख प्रतीक अंकित होंगे-** *• ॐ: सनातन और शाश्वत आध्यात्मिक ध्वनि।• सूर्यः भगवान राम के सूर्यवंश का प्रतीक। • कोविदर वृक्षः मंदार और पारिजात का एक पौराणिक हाइब्रिड वृक्ष, जिसे ऋषि कश्यप द्वारा विकसित माना जाता है।*
- **अयोध्या में सफाई और सुरक्षा**

**व्यवस्था कड़ी...** *समारोह से पहले अयोध्या में सफाई, सुरक्षा और स्वागत की तैयारियों को लेकर व्यापक अभियान चलाया गया है। सड़कों, घाटों और सार्वजनिक स्थलों को सजाकर श्रद्धालुओं और विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के लिए शहर को भव्य रूप दिया गया है। राम जन्मभूमि परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। हेलिकॉप्टर से लगातार हवाई निगरानी की जा रही है, जबकि ATS और NSG कमांडो मंदिर परिसर की सुरक्षा संभाले हुए हैं। इसके अतिरिक्त SPG, CRPF और PAC के जवानों को भी तैनात किया गया है। कुल मिलाकर मंदिर को पाँच परतों वाली सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की गई है। समारोह में उन 100 दानदाताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में 2 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया है।*

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# सीजेआई के शपथ समारोह से राहुल की अनुपस्थिति पर बीजेपी का हमला


**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अनुपस्थिति को लेकर भाजपा ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने संविधान और संवैधानिक प्रक्रियाओं के प्रति अनादर दिखाते हुए शपथ समारोह का जानबूझकर बहिष्कार किया।केसवन ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है जब राहुल गांधी ने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजनों को नज़रअंदाज़ किया हो। भाजपा प्रवक्ता ने टिप्पणी की कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता की भूमिका निभाने के बजाय पार्टीगत राजनीति को तरजीह देते हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता इसे अहंकारपूर्ण राजनीति के रूप में देखती है और इसका राजनीतिक असर भी पड़ेगा। भाजपा नेता शाहनवाज़ हुसैन ने भी सवाल उठाया कि क्या राहुल गांधी को अपने संवैधानिक दायित्वों का ज्ञान है। विपक्ष का नेता होना एक गंभीर जिम्मेदारी है, राहुल इस पद की गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं कर रहे।

# पेशावर में 2 आत्मघाती हमले, 3 कमांडो और 3 हमलावर मारे गए

**एजेंसी |पेशावर**

पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी (एफसी) के मुख्यालय को निशाना बनाकर किए गए दो आत्मघाती हमलों में तीन कमांडो और तीन हमलावर मारे गए। घटना में कई लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक हमला सोमवार सुबह करीब 8 बजे शुरू हुआ, जब हमलावरों ने गोलीबारी और धमाकों के जरिए मुख्य गेट पर सुरक्षा व्यवस्था को भेदने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि मुख्य प्रवेश द्वार पर दो शक्तिशाली विस्फोट हुए, जिसके तुरंत बाद हथियारबंद हमलावर परिसर में घुस गए। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में कैंपस के अंदर तीनों हमलावर ढेर कर दिए गए। शुरुआती जांच में यह साफ हुआ है कि हमले में कम से कम दो आत्मघाती हमलावर शामिल थे। तीन एफसी जवान गेट पर हुए धमाकों की चपेट में आकर मारे गए, जबकि बाकी हमलावर अंदर हुई फायरिंग में मारे गए। पेशावर के कैपिटल सिटी पुलिस ऑफिसर डॉ. मियां सईद ने बताया कि पूरे क्षेत्र को घेरकर तलाशी अभियान चल रहा है



ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि परिसर में कोई और हमलावर मौजूद न हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले हमलावर ने मुख्य गेट पर खुद को उड़ाया और इसी अफरातफरी का फायदा उठाकर दूसरा हमलावर भीतर पहुंच गया।फिलहाल सेना और पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि इस हमले के पीछे भारतीय प्रॉक्सी फितना-उल-खवारिज का हाथ है, जो पाकिस्तान में सक्रिय टीटीपी (पाकिस्तान तालिबान) के लड़ाकों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है।

बता दें कि एफसी पाकिस्तान की एक सिविल मिलिट्री फोर्स है, जिसका मुख्यालय एक व्यस्त इलाके में सैन्य कैंटोनमेंट के नजदीक स्थित है। हमले के बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हुए, जिनमें कहा गया कि एफसी चौक और मुख्य सदर क्षेत्र में धमाकों की आवाज सुनी गई।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

## लंबित मामले घटाना और संवैधानिक संतुलन बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती

# जस्टिस सूर्यकांत ने 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

सोमवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस सूर्यकांत को भारत के 53वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ दिलाई। शपथ समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य शामिल हुए।

जस्टिस सूर्यकांत लगभग एक वर्ष से अधिक समय तक देश के शीर्ष न्यायाधीश के पद पर रहेंगे और 9 फरवरी 2027 को सेवानिवृत्त होंगे। उन्हें 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। सुप्रीम कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान वे कई महत्वपूर्ण संवैधानिक मामलों का हिस्सा रहे, जिनमें



जस्टिस सूर्यकांत ने मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेते हुए। -समर न्यूज़

अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला, बिहार की वोटर सूची में संशोधन, पेगासस स्पाइवेयर जांच तथा चुनावी बॉन्ड मामले जैसी अहम सुनवाई शामिल हैं।

10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार जिले के नरनौंद क्षेत्र के पेटवार गांव में जन्मे सूर्यकांत ने शुरुआती पढ़ाई गांव में ही पूरी की। 1984 में उन्होंने महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से कानून की डिग्री ली और उसी वर्ष हिसार जिला कोर्ट में वकालत की शुरुआत की। इसके बाद वे चंडीगढ़ चले गए और पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में संवैधानिक, सेवा और सिविल मामलों में अपनी पहचान स्थापित की। इसी दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में कानून में स्नातकोत्तर डिग्री भी हासिल की। कानूनी पेशे में उनका उत्थान तेज़ी से हुआ। वे वर्ष 2000 में सिर्फ 38 साल की उम्र में हरियाणा के सबसे युवा एडवोकेट जनरल बने। एक साल बाद उन्हें सीनियर एडवोकेट की उपाधि मिली और 2004 में उन्हें पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया। सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति से पहले वे अक्टूबर 2018 से मई 2019 तक हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रहे।

बीते छह वर्षों में सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने 300 से अधिक फैसले सुनाए हैं, जिनमें कई बड़े संवैधानिक निर्णय शामिल रहे। वे उस संविधान पीठ का हिस्सा थे जिसने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने को बरकरार रखा। चुनावी बॉन्ड योजना को अवैध बताने वाले फैसले में भी उनकी भूमिका रही। पेगासस जांच, राजद्रोह कानून को निलंबित करने की सुनवाई और राज्यपालों व राष्ट्रपति द्वारा राज्यों के विधेयकों पर निर्णय देने की समयसीमा तय करने वाले प्रेसिडेंशियल रेफरेंस में भी वे बेंच के सदस्य थे।

नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (नालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वीर परिवार सहायता योजना 2025 की शुरुआत की।

# भारतीय नौसेना के बेड़े में आईएनएस माहे शामिल हुआ

**मुंबई|** भारतीय नौसेना के लिए तैयार की गई माहे-श्रेणी की पहली पनडुब्बी रोधी उथले जलयुद्धक पोत आईएनएस माहे को सोमवार को मुंबई नेवल डॉकयार्ड में औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया गया। थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कमीशनिंग समारोह को संबोधित करते हुए जनरल द्विवेदी ने आईएनएस माहे के कमांडिंग ऑफिसर, अधिकारियों और नौसैनिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय समुद्री क्षमता में एक नई शक्ति के जुड़ने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस समारोह का हिस्सा बनना गर्व का क्षण है, क्योंकि देश में निर्मित जटिल युद्धक जहाजों को नौसेना के बेड़े में शामिल होते देखना आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

- यूपी में सफाईकर्मियों की पहचान पर सख्ती

# असम के नागरिक या बांग्लादेशी, एनआरसी नंबर से होगी जांच : योगी

**समर न्यूज़ | लखनऊ**

राजधानी में सफाई कार्य और कूड़ा उठाने का काम कर रहे लोगों की पहचान को लेकर अब स्पष्ट जांच शुरू हो गई है। नगर निगम उन व्यक्तियों का एनआरसी नंबर सत्यापित कर रहा है, जिनके बारे में दावा है कि वे असम के मूल निवासी हैं। असम सरकार ने अपने नागरिकों का एनआरसी तैयार किया था, जिसमें हर परिवार का रिकॉर्ड मौजूद है।

इसी नंबर से पता चलता है कि व्यक्ति वास्तव में असम का नागरिक है या नहीं। अधिकारियों के अनुसार, एनआरसी नंबर डालते ही यह साफ हो जा रहा है कि कौन असम का निवासी



अदित्यानाथ योगी। -समर न्यूज़

है और कौन नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें प्रदेश से बाहर करने के निर्देश दिए हैं। पिछले वर्ष इंदिरानगर में कथित बांग्लादेशियों द्वारा नगर निगम अधिकारियों पर हमला किए जाने के बाद यह मुद्दा और गंभीर हो गया था।

# तीन तख्त साहिबान वाले शहर पवित्र शहर घोषित

## शराब-मांस-तंबाकू और नशे की बिक्री व उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध


**समर न्यूज़ | आनंदपुर साहिब**



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब विधानसभा ने एक ऐतिहासिक और बहुप्रतीक्षित फैसला लेते हुए अमृतसर की वॉल्ड सिटी, तलवंडी साबो और श्री आनंदपुर साहिब को पवित्र शहरघोषित कर दिया। तख्त श्री अकाल तख्त साहिब, तख्त श्री दमदमा साहिब और तख्त श्री केसगढ़ साहिब इन तीनों शहरों में स्थित हैं। सिख संगत की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए सरकार ने यहां शराब, मांस, तंबाकू और सभी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित विशेष सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बताया कि यह फैसला गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित समारोहों के दौरान लिया गया है। दोनों नेताओं ने कहा कि गुरु साहिबान की इस पवित्र धरती का धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व अतुलनीय है, इसलिए इन शहरों को विशेष संरक्षण देना समय की मांग थी।मुख्यमंत्री ने बताया कि गुरु तेग बहादुर साहिब ने स्वयं श्री आनंदपुर साहिब शहर बसाया था, जिसके लिए उन्होंने अपने हाथों से भूमि खरीदी थी। गुरु गोबिंद सिंह जी अपने जीवन के लगभग तीस वर्ष यहां रहे और यहीं पर खालसा पंथ की स्थापना की। चार साहिबजादों में से तीन का जन्म भी इसी पवित्र भूमि पर हुआ। मुख्यमंत्री मान और अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक महत्व वाले शहरों को सांस्कृतिक विरासत के रूप में संरक्षित करना सभी की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में पवित्र शहर घोषित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। उन्होंने कहा कि इन शहरों में सभी धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की एक सर्व-धर्म समिति गठित की जाएगी, जो स्वच्छता, सुरक्षा और धार्मिक वातावरण के संरक्षण पर कार्य करेगी। प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और इन शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष बजट प्रावधान भी करेगी, साथ ही केंद्र सरकार से अतिरिक्त फंड की मांग की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब की अद्वितीय शहादत मानवाधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा का विश्व इतिहास में सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने न केवल सिख समुदाय बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए बलिदान दिया। उनका जीवन आज भी एकता, भाईचारे और धर्मनिरपेक्षता का संदेश देता है।सरकार ने गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस को बड़े स्तर पर मनाने के लिए पूरे पंजाब में क्रमवार कार्यक्रम आयोजित किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये आयोजन आगे भी जारी रहेंगे और गुरु साहिब की शहादत को हर वर्ष विशेष रूप से मनाया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस महान विरासत से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे गुरु साहिबान के दिखाए मार्ग पर चलते हुए मानवता, सद्भावना और धार्मिक मूल्यों को जीवन का आधार बनाएं। उन्होंने कहा कि पवित्र शहरों को स्वच्छ और अनुशासित रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, ताकि आने वाले समय में ये शहर विश्व भर के श्रद्धालुओं के लिए एक आदर्श बन सकें।

### 6 महीने से इंतजार कर रहे दुकानदारों को मिली राहत

# दुकानदारों को 28 नवंबर से मिलेगी दुकानों की निशानदेही



**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

बहादुर के रोड पर लंबे समय से इंतजार कर रहे दुकानदारों के चेहरों पर अब मुस्कान लौटने वाली है। करोड़ों रुपए खर्च कर ऑनलाइन बोली में दुकानें खरीदने वाले आढ़तियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। करीब 6 महीने से अधिक समय से निशानदेही का इंतजार कर रहे दुकानदारों की मांग आखिरकार मार्केट कमेटी ने पूरी कर दी है। मार्केट कमेटी के सचिव हरिंदर सिंह गिल ने जानकारी देते हुए बताया कि दुकानदारों को 28 नवंबर को निशानदेही दी जाएगी। इसमें 23 जनरल शॉप और 27 शॉप-कम-फ्लैट शामिल हैं। सचिव ने साफ कहा कि जिस-जिस दुकानदार को निशानदेही दी जाएगी उनका मौके पर मौजूद होना अनिवार्य है। दुकानदारों ने लंबे समय से बार-बार मंडी बोर्ड और मार्केट कमेटी को गुहार लगाई थी। ऑनलाइन बोली में भुगतान करने के बाद भी निशानदेही ना मिलने से व्यापारी परेशान थे। कई बार प्रतिनिधि मंडल ने भी अधिकारियों से मुलाकात की थी। अब निशानदेही की तारीख जारी होते ही व्यापारियों में खुशी की लहर है। व्यापारियों का कहना है कि निशानदेही मिलने के बाद वह तुरंत अपनी दुकानों का निर्माण कार्य शुरू करेंगे जिससे व्यापार अब फिर से रफ्तार पकड़ेगा।

# उत्तराखंड के टिहरी में बस खाई में गिरी, 5 की मौत, 23 घायल

**समर न्यूज़ | टिहरी (उत्तराखंड)**




उत्तराखंड के टिहरी ज़िले में एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया है, जहां गुजरात और दिल्ली से श्रद्धालुओं को ले जा रही एक बस गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, बस संख्या UK07 PA 1769 श्रद्धालुओं को रिषिकेश से लगभग 23 किमी दूर कुंजापुरी दर्शन के लिए ले जा रही थी। कुंजापुरी के बीच रास्ते में हिंडोलाखाल के पास 70 मीटर गहरी खाई में बस गिर गई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की कई टीमें बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचीं। एसडीआरएफ कमांडर अर्पण यादव के निर्देश पर पोस्ट ढालवाला, कोटी कॉलोनी और एसडीआरएफ बैटालियन मुख्यालय से कुल 5 टीमें तैनात की गईं। टिहरी गढ़वाल के एएसपी जे.आर. जोशी ने पुष्टि की कि हादसे में अब तक 5 मौतें हो चुकी हैं और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

बस में 28 लोग सवार थे, जिनमें कुछ गुजरात और कुछ दिल्ली के श्रद्धालु शामिल थे। हादसे में कई लोग खाई में दूर-दूर तक गिर गए, जिन्हें खोजने के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी में सड़क की स्थिति, ड्राइवर की गलती या वाहन की तकनीकी खराबी की आशंका पर जांच हो रही है।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को दी शुभकामनाएं

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम द्वारा टी20 वर्ल्ड कप का पहला खिताब जीतने पर पूरे देश में खुशी की लहर है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी टीम को बधाई दी और खिलाड़ियों के जज़्बे, साहस और अनुशासन की सराहना की। ओम बिरला ने अपने आधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को उनके ऐतिहासिक विजय पर हार्दिक बधाई! बिना एक भी मैच हारे पहले ब्लाइंड महिला टी20 विश्व कप को जीतना आपके असाधारण साहस, समर्पण और अनुशासन का प्रमाण है। हर खिलाड़ी को सलाम आपकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।

# दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ इंडिया गेट पर प्रदर्शन

## प्रदर्शन में लोगों ने मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर के पोस्टर लहराए, पुलिसकर्मियों पर हमला, 15 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**




राष्ट्रीय राजधानी में खराब होती वायु गुणवत्ता को लेकर इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों और दिल्ली पुलिस के बीच रविवार देर शाम झड़प हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा कर्मचारियों पर हमले, मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल और सड़क जाम करने के आरोप में कम से कम 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने देश के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44) के पोस्टर लहराए। पोस्टरों में हिड़मा की तुलना आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा से की गई। हिड़मा को जल, जंगल और जमीन का रखवाला बताया गया।

प्रदर्शनकारियों ने "माड़वी हिड़मा अमर रहे" जैसे नारे लगाए। उन्होंने पोस्टरों पर भी "माड़वी हिड़मा को लाल सलाम" जैसे नारे लिखे थे। एक प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था "बिरसा मुंडा से लेकर माड़वी हिड़मा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा।

पुलिस अधिकारी ने बताया स्थिति अचानक बेकाबू हो गई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया, जो कि बेहद दुर्लभ और गंभीर कार्रवाई है। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए और उन्हें आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार, इंडिया गेट प्रदर्शन स्थल नहीं है और प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर जाने की सलाह दी गई थी, जो आधिकारिक विरोध स्थल है। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड तोड़कर C-हैक्सागन रोड पर कब्जा कर लिया और एक घंटे से अधिक समय तक सड़क पर बैठकर ट्रैफिक जाम कर दिया।

ट्रैफिक में फंसे लोग लगातार रास्ता खाली करने की गुहार लगाते रहे, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने इनकार कर दिया।

**बदसलूकी और हमला, सीसीटीवी से पहचान जारी**

पुलिस का कहना है कि समझाने पर प्रदर्शनकारी उल्टा दुर्व्यवहार, धक्का-मुक्की और हमले पर उतर आए। पूरी घटना के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और सभी आरोपियों की पहचान की जा रही है। जब अधिकारी से पूछा गया कि क्या कुछ प्रदर्शनकारियों ने माओवादी नेता मांड़वी हिडमा के समर्थन में नारे लगाए थे, तो उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। दिल्ली कोऑर्डिनेशन कमेटी फॉर क्लीन एयर ने एक बयान जारी कर कहा कि राजधानी की लगातार बिगड़ती हवा की गुणवत्ता जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। कमेटी ने आरोप लगाया कि सरकार मूल कारणों को ठीक करने के बजाय सिर्फ दिखावे वाले कदम है।

# गोली लगने के कारण एएसआई की मौत

**समर न्यूज़ | रूपनगर**

पंजाब पुलिस के एएसआई अमर सिंह की उनकी ही सर्विस रिवॉल्वर से निकली गोली लगने के कारण मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार सुबह करीब 5 बजे का बताया जा रहा है। एएसआई अमर सिंह रूपनगर में बरमाला चौकी पर तैनात थे। जानकारी के अनुसार, एएसआई अमर सिंह अपनी सर्विस पिस्टल साफ कर रहे थे, तभी अचानक गोली चल गई। गोली उनके सिर में लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। नंगल के डीएसपी हरकिरत सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में यह मामला एक्सीडेंटल फायरिंग का प्रतीत होता है। डीएसपी ने बताया कि घटना के समय वह ड्यूटी पॉइंट पर अकेले मौजूद थे। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। एएसआई अमर सिंह इससे पहले नंगल थाने में तैनात थे और हाल ही में उनकी ड्यूटी बरमाला चेक पोस्ट पर लगाई गई थी। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। एक बेटा ऑस्ट्रेलिया में रहता है, जबकि पत्नी और दूसरा बेटा नंगल की प्रीत कॉलोनी में रहते हैं।

# कंगना रनौत के खिलाफ मानहानि मामले में आरोप तय, अगली सुनवाई 4 दिसंबर को

**समर न्यूज़ | बठिंडा**

अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ बठिंडा अदालत ने मानहानि मामले में दोष तय कर दिए हैं, जिसके बाद यह केस अब नियमित रूप से आगे चलेगा। हालांकि कंगना द्वारा निजी पेशी से छूट की मांग को लेकर दायर की गई अर्जी पर अदालत ने कोई निर्णय नहीं दिया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 4 दिसंबर 2025 के लिए निर्धारित की है। यह मामला किसान आंदोलन के दौरान किसानों की महिलाओं के खिलाफ कंगना द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। बठिंडा जिले के गांव बहादरगढ़ जंडियां की बुजुर्ग महिला महिंदर कौर ने इस टिप्पणी को लेकर कंगना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। कंगना रनौत इस मामले में पिछले महीने 27 अक्टूबर को अदालत में निजी तौर पर पेश भी हो चुकी हैं। अदालत अब आरोप तय होने के बाद आगामी सुनवाई में आगे की कार्रवाई करेगी।

# स्कूल तालाब में तीन बच्चों की मौत, दो छात्र गंभीर घायल


**समर न्यूज़ | हावड़ा**

हावड़ा जिले के उलुबेरिया में एक हादसा उस समय हुआ जब स्कूल से छात्रों को लेकर लौट रही एक पूलकार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो छात्र गंभीर रूप से घायल हैं।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार दोपहर करीब तीन बजे बहिरा गांव के पास तेज रफ्तार के कारण चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे तालाब में जा गिरा। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चों को बचाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोर भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पांचों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। मृत बच्चों की उम्र 6 से 9 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने पूलकार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही का नतीजा था या वाहन में किसी प्रकार की मैकेनिकल खराबी थी। कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि चालक कथित तौर पर दूसरी कार से रेस लगा रहा था, जिसके चलते यह त्रासदी हुई। यह घटना एक बार फिर स्कूल वैन और पूलकार की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

# गुरु तेग बहादुर जी को समर्पित हाई-टेक ड्रोन शो.....




**आनंदपुर साहिब**। विरासत-ए-खालसा यादगार में आयोजित हाई-टेक ड्रोन शो में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने संगत के साथ उपस्थित होकर श्री गुरु तेग बहादुर जी के महान जीवन, दर्शन और सर्वोच्च शहादत को समर्पित कार्यक्रम में श्रद्धाभाव से हाज़िरी लगाई। रंगीन ड्रोन प्रोजेक्शन, लेज़र तकनीक और भावपूर्ण प्रस्तुति ने गुरु साहिब की महिमा को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया। **-समर न्यूज़**

# पटियाला में ट्रेन यात्री से बदसलूकी करने पर एएसआई पर कार्रवाई

**समर न्यूज़ | पटियाला**

पटियाला में जीआरपी के एएसआई मंसा सिंह के खिलाफ ट्रेन में एक यात्री से बदसलूकी करने के मामले में विभाग ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। घटना की वीडियो सामने आते ही जीआरपी अधिकारियों ने तुरंत जांच शुरू की और कार्रवाई का आदेश दिया। डीएसपी प्रशासन अनीता सैन्नी ने बताया कि यह वीडियो 2 नवंबर का है और अमरपाली एक्सप्रेस में एक यात्री द्वारा बनाया गया था। वीडियो में एएसआई मंसा सिंह को यात्री के साथ अनुचित व्यवहार करते देखा गया, जिसके बाद विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की। डीएसपी अनीता सैन्नी ने कहा कि वीडियो की जांच के बाद संबंधित एएसआई को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीआरपी के किसी भी कर्मचारी द्वारा यात्रियों से बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ड्यूटी के दौरान अनुचित व्यवहार पाए जाने पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में ज़ीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी।

# चचेरे भाई की शादी में लड़की की हत्या

## अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**समर न्यूज़ | गोरखपुर**



शादी की खुशियों के बीच गोरखपुर से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आई 20 वर्षीय शिवानी निषाद की देर रात गला काट कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद शादी का माहौल चीख-पुकार और मातम में बदल गया।

मामला झंगहा थाना क्षेत्र के रसूलपुर नंबर-2 गांव का है। शिवानी शुक्रवार को देवरिया ज़िले के अवसथी गांव में रहने वाले अपने पति भीम निषाद के घर से मायके आई थी। रात करीब 2 बजे शादी की रस्मों के दौरान वह अचानक गायब हो गई। परिजन पहले शादी वाले घर और फिर आस-पास उसे तलाशते रहे। कुछ देर बाद जब उसकी मां नौहरी देवी पुराने घर के बाथरूम तक पहुंचीं तो दरवाज़ा खुलते ही उनके पैरों तले ज़मीन खिसक गई। बाथरूम के फर्श पर खून फैला हुआ था और शिवानी की लाश पड़ी थी। उनकी चीख सुनते ही पूरा परिवार मौके पर पहुंच गया। पल भर में गीत-संगीत की आवाजें बंद हो गईं और शादी का जश्न मातम में बदल गया। सूचना मिलते ही झंगहा पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। स्थल की बारीकी से जांच की गई और शादी में मौजूद कई रिश्तेदारों, मेहमानों और परिवार के सदस्यों से पूछताछ जारी है।

10 साल पहले उसके पिता का निधन हो चुका था। शिवानी 4 भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। उसकी शादी आठ महीने पहले हुई थी। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग भी सुबह-सुबह मौके पर पहुंच गए। एसपी नॉर्थ ज्ञानेंद्र ने बताया कि शिवानी की गला काट कर हत्या की गई है। मां की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**शहादत दिवस** | प्रसिद्ध कवियों, ढाडी और कविशरी जत्थों ने संगतों में भरा जोश

# शहीदी दिवस को समर्पित विशेष कवि, ढाडी एवं कविशर दरबार सजाया

**समर न्यूज़ | आनंदपुर साहिब**

श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी तथा भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित श्री आनंदपुर साहिब में पंजाब सरकार द्वारा आयोजित समागमों की श्रृंखला के तहत बाबा बुड्ढा दल छावनी के मुख्य पंडाल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित विशेष कवि, ढाडी तथा कविशर दरबार सजाया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध कवियों, ढाडियों और कविशरों ने संगतों को निहाल कर दिया।

कवि दरबार में रछपाल सिंह पाल, कर्मजीत सिंह, मनजीत कौर, ज़मीर अली, शुभम मंगला और हरी सिंह ने अपनी हाजिरी लगवाई। इसी तरह ढाडी एवं कविशर दरबार में जिन प्रसिद्ध ढाडी और कविशरी जत्थों ने कविशरी और वारों के माध्यम से संगतों में जोश भरा, उनमें ढाडी गुरप्रीत सिंह लांडरा, कविशर गुरजंट सिंह बैंका तथा ढाडी तरसेम सिंह मोरांवाली के जत्थे शामिल थे।


इस अवसर पर पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग, पंजाब के सलाहकार दीपक बाली, सचिव डॉ. अभिनव त्रिखा, डायरेक्टर संजीव तिवाड़ी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। स्टेज सचिव की सेवा ज्ञानी भगवान सिंह जौहल तथा भाई प्रीतम सिंह ने निभाई। 25 नवंबर को इसी पंडाल में आत्मरस कीर्तन दरबार तथा सरबत दे भले की एकत्रता होगी।




कवि दरबार में कविताएं प्रस्तुत करते हुए कवि - समर न्यूज़

## मैं बोलूंगा तो...

### छुट्टियां भी दें, सेलरी भी दें अगर हो सके तो बीच पर लेटकर वोट भी डाल दें!



समर न्यूज | शिमला

*देश में सुधारों की ऐसी बारिश हो रही है कि नौजवान कामगार अब कन्फ्यूज हैं कि नौकरी करें या छुट्टियों की प्लानिंग। सरकार का ताज़ा ऐलान-"छुट्टी के दौरान भी मिलेगा वेतन"-सुनकर आधे युवाओं ने बैग पैक कर लिया, बाकी आधे गूगल कर रहे हैं: "क्या गोवा में भी वोट डाल सकते हैं?"*

*सच तो यह है कि छुट्टियों की लिस्ट पहले से ही इतनी लंबी है कि अगर किसी ने पूरी ईमानदारी से सब ली—तो काम का पहला दिन कब आएगा, इस पर शोधपत्र लिखा जा सकता है। साप्ताहिक अवकाश, राष्ट्रीय अवकाश, बीमारी, आकस्मिक, अर्जित, मातृत्व—इतनी छुट्टियां हैं कि किसी दिन एचआर खुद पूछ बैठे, "मैडम, हमें याद दिलाइए, हम आपको कब बुलाते हैं?"*

*महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने की घोषणा भी खूब बजाई जा रही है। अब सरकार बताती है कि 26 हफ्ते की पेड लीव, रात की पाली में काम की अनुमति*

*अरे भई, यह बराबरी नहीं—सुविधा है! बराबरी तो तब होगी जब घर के झाड़ू-पोंछे में भी पति समान योगदान दें—मगर ऐसा सुधार अमृतकाल में भी ना आएगा।*

*गिग वर्करों की नई परिभाषा पर भी सरकार ऐसे इतराती है जैसे इनका आविष्कार यहीं हुआ हो। उधर गिग वर्कर हेलमेट पहनकर बारिश में खाना डिलीवर कर रहा है और सोच रहा है— "परिभाषा से पेट भरेगा या पेट्रोल?"*

*अब आते हैं देश के सबसे उपेक्षित नागरिक—सुरक्षाकर्मी। 12 घंटे ड्यूटी, कोई छुट्टी नहीं, कोई वेतन स्पष्ट नहीं, एजेंसी का आतंक अलग। लेकिन सुधारों की लिस्ट में इनका ज़िक्र ऐसे गायब है जैसे नोटबंदी के बाद एटीएम में पैसे।*

*कानून? पालन?*

*अरे साहब, कानून का पालन कराने से आसान है—यूनीकॉर्न स्टार्टअप खोलना। कितने उदाहरण हैं जहां नियम धरे के धरे रह जाते हैं और अदालत में मामला ऐसे चलता है जैसे सरकार की फाइल—धीमा, गंभीर और अनिश्चित। पत्रकार तो अपनी ही नियुक्ति के कागज़ ढूंढते घूम रहे हैं, मजदूर की कौन सुनेगा?*

*अमृतकाल में सुधारों की घोषणा ऐसी हो रही है जैसे टीवी का प्राइम-टाइम शो—ज़ोर-शोर से, तामझाम के साथ। बस फर्क इतना है कि शो खत्म होने के बाद भी जनता की समस्या वही रहती है। सुधार कम, प्रचार ज्यादा—और जनता सिर्फ यही देख रही है कि अगला सुधार छुट्टियों का आएगा या सेल्फी का।*

#MainBolungaTo
#SummerExpress
#SummerNews

# कैसे क्रिप्टो बना ब्लैक मनी का नया ठिकाना: नियमों की कमी ने बनाया सरहद पार धन भेजना आसान

## ▪ डिजिटल करेंसी की गुमनामी और कमजोर नियमन ने खड़ी कर दी एक समानांतर वित्तीय दुनिया

गुरशरण सिंह| लुधियाना
समर न्यूज़

क्रिप्टोकरेंसी का सफर 2009 में शुरू हुआ और भारत में इसकी एंट्री 2010 के आसपास हुई। लेकिन डेढ़ दशक बाद भी भारतीय रिज़र्व बैंक ने इसे कानूनी मान्यता नहीं दी है। तकनीकी समझ की कमी और नियमन के अभाव ने क्रिप्टो को काले धन को सीमा पार ले जाने का नया रास्ता बना दिया है। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया गठबंधन द्वारा 10 महीनों की संयुक्त जांच में खुलासा हुआ है कि दुनिया भर के कई क्रिप्टो एक्सचेंजों ने एक ऐसी छाया अर्थव्यवस्था खड़ी कर दी है, जहाँ अवैध लेनदेन बेहद आसान हो गए हैं। पिछले नौ वर्षों में इन प्लेटफॉर्म्स पर 5.8 अरब डॉलर से अधिक के जुर्माने लगाए जा चुके हैं, यह बताता है कि यह समानांतर आर्थिक प्रणाली कितनी विशाल और अपारदर्शी बन चुकी है।भारत में क्रिप्टो का काला खेल: 27 एक्सचेंज मनी लॉन्ड्रिंग चैनल के रूप में इस्तेमाल



जनवरी 2024 से सितंबर 2025 के बीच गृह मंत्रालय के I4सी (भारतीय साइबर अपराध सहयोग केंद्र) ने कम से कम 27 क्रिप्टो एक्सचेंजों की पहचान की जिन्हें साइबर अपराधी मनी लॉन्ड्रिंग के रास्ते के रूप में इस्तेमाल कर रहे थे।इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए 2,872 से ज्यादा लोगों से लगभग 623.63 करोड़ ऐंठे गए। एक एक्सचेंज में 360.16 करोड़ तक की ठगी दर्ज हुई। एक अन्य प्लेटफॉर्म में 6.01 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। I4सी के मुताबिक पिछले तीन वर्षों में 144 मामलों के विश्लेषण में पाया गया कि साइबर अपराधों से चुराए गए पैसे को अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क तक पहुँचाने के लिए सबसे अधिक उपयोग अब क्रिप्टोकरेंसी के जरिए ही किया जा रहा है।

### ग्लोबल खतरा... क्रिप्टो की गुमनामी बन रही आपराधिक नेटवर्क की ताकत

क्रिप्टो की दुनिया इतनी तेजी से बदल रही है कि आम निवेशक को समझ ही नहीं आता कि कौन सी करेंसी कितनी सुरक्षित है। रोज नई डिजिटल करेंसी लॉन्च हो रही है, और नियमन की कमी का फायदा अपराधी तेजी से उठा रहे हैं। कुछ देशों जैसे जापान, सिंगापुर और यूरोपीय संघ ने कड़े नियम बनाए हैं। लेकिन कई देशों में निगरानी कमजोर है। जहाँ नियंत्रण कम है, वहाँ से पैसा आसानी से ऑफशोर वॉलेट्स और मिक्सर्स के जरिए दूसरे देशों में गायब हो जाता है। रैंसमवेयर गैंग, ड्रग कार्टेल, ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले नेटवर्क और प्रतिबंधों से बचने वाले लोग क्रिप्टो को तेजी से अपनाते जा रहे हैं, क्योंकि इसकी गति तेज है, पहचान छिपाना आसान,ट्रेसिंग मुश्किल और लेनदेन मिनटों में दुनिया भर में घूम जाता है। भारत में हो रही घटनाएँ इसी वैश्विक ट्रेंड की पुष्टि करती हैं।

#### • भारत में नियमों की है किल्लत, सरकार सतर्क, निवेशक असुरक्षित

*भले ही करोड़ों भारतीय क्रिप्टो में निवेश कर रहे हों, लेकिन भारत में क्रिप्टो पर स्पष्ट नियम नहीं हैं। सरकार इसलिए सावधान है क्योंकि अगर क्रिप्टो को रेगुलेट किया गया, तो इसे "सरकारी अनुमोदन" मान लिया जाएगा। इससे निवेश बढ़ सकता है, जबकि क्रिप्टो बाजार अत्यंत अस्थिर और जोखिमपूर्ण है। वित्त मंत्रालय फिलहाल केवल एक "चर्चा पत्र" तैयार कर रहा है–नीतिगत फैसला अभी दूर है। सबसे बड़ी दिक्कत है कि ज़ब्त की गई क्रिप्टो को कहाँ रखें? सरकारी एजेंसियों के पास अभी तक डिजिटल संपत्ति सुरक्षित रखने का कोई ढांचा नहीं है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार एक बड़ी जांच एजेंसी ने 40 लाख डॉलर की क्रिप्टो एक निजी कंपनी के पास सुरक्षित रखवाई है, क्योंकि सरकारी व्यवस्था ही नहीं है।इडी सुरक्षित कस्टडी के लिए गृह मंत्रालय से दिशा-निर्देशों का इंतजार कर रही है। सबसे ज्यादा जोखिम खुदरा निवेशकों का है। यदि कोई एक्सचेंज निकासी रोक दे, दिवालिया हो जाए, विदेश भाग जाए तो निवेशकों को संरक्षण देने वाला कोई कानून मौजूद ही नहीं है।*

#### • भारतीय क्रिप्टो उद्योग पर बढ़ता दबाव

*देश के क्रिप्टो एक्सचेंजों का कहना है कि अस्पष्ट नियमों और कर नीति ने उन्हें कमजोर कर दिया है। दूसरी तरफ ऑफशोर एक्सचेंज भारतीय उपयोगकर्ताओं को बिना किसी प्रतिबंध के सेवा दे रहे हैं। कर बोझ ने किया बाजार ठप, हर लेनदेन पर 1% टीडीएस, मुनाफे पर 30% टैक्स, इस वजह से भारतीय एक्सचेंजों का ट्रेडिंग वॉल्यूम अप्रैल 2022 से जुलाई 2023 के बीच 97% तक गिर गया। करीब 35,000 करोड़ का ट्रेड ऑफशोर प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हो गया।*

## Good DAY

समर न्यूज़ | शिमला



*नई रोशनी और ताज़ी ऊर्जा के साथ शुरू होने वाला हर दिन हमें जीवन को एक नई दृष्टि से देखने का अवसर देता है। आज का दिन भी आपके लिए खुशियों, शांति और प्रेरणा से भरा हुआ आए, यही शुभकामना है। सुबह की पहली किरण हमें यह विश्वास दिलाती है कि चाहे कल कैसा भी रहा हो, आज हमारे पास उसे बेहतर बनाने का मौका है। सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ उठाया गया हर कदम हमें सफलता के और करीब ले जाता है। इसलिए आज का दिन मुस्कुराहट, आत्मविश्वास और अच्छे विचारों के साथ शुरू करें। चुनौतियां जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन एक सकारात्मक मन उन्हें अवसर में बदलने की क्षमता रखता है। याद रखें कि छोटी-छोटी अच्छी आदतें जैसे समय का सम्मान, दयालुता और विनम्रता हमारे दिन को ही नहीं, बल्कि हमारे व्यक्तित्व को भी उज्ज्वल बनाती हैं। आज आप जहां भी जाएँ और जिस भी काम को हाथ में लें, वहां सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का वातावरण बनाए रखें। दूसरों की मदद करना, अच्छा व्यवहार करना और अपना श्रेष्ठ देना दिन को सच में खास बना देता है। आपके जीवन में आज का दिन प्रेरणा, आत्मबल, खुशियों और सार्थक उपलब्धियों से भरा हो। हर क्षण आपके लिए नई संभावनाएं लेकर आए और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी राह पर आगे बढ़ते रहें।*

***कुलदीप सिंह राठौर आईसीसी प्रवक्ता एवं विधायक, ठियोग, हि.प्र***

# फेक न्यूज पर शिकंजा: आईटी नियम चेंज, डिजीटल कंटेंट पर रोक

## ओटीटी, सोशल मीडिया और डिजिटल न्यूज पोर्टल पर नए प्रावधान; उल्लंघन पर जेल, भारी जुर्माना

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

सरकार सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021 में व्यापक संशोधन करने की तैयारी में है, जिसके तहत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाली सामग्री पर नई और कड़ी पाबंदियां लगाई जाएंगी। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार इंटरनेट पर ऐसी कोई डिजिटल सामग्री प्रकाशित या प्रसारित नहीं की जाएगी जिसमें अश्लीलता, मानहानि, जानबूझकर फैलायी गई गलत सूचना, संकेतात्मक टिप्पणियां या आधे-अधूरे तथ्यों पर आधारित बातें शामिल हों।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का प्रस्ताव है कि कंटेंट समाज की सभ्यता, शील और नैतिकता के विरुद्ध नहीं होना चाहिए और किसी भी जाति, धर्म, भाषा, नस्ल या समुदाय का अपमान नहीं करना चाहिए। मंत्रालय यह भी चाहता है कि कोई भी डिजिटल प्लेटफॉर्म ऐसा कंटेंट होस्ट न करे जो किसी व्यक्ति, समूह या भारत के सामाजिक और सार्वजनिक जीवन को बदनाम या प्रभावित करे।

यह संशोधन विशेष रूप से आईटी नियमों के भाग-3 में जोड़े जाएंगे, जो यूट्यूब, इंस्टाग्राम जैसे डिजिटल वीडियो इंटरमीडियरी और नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो सहित सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लागू होते हैं। डिजिटल समाचार पोर्टल और




अखबारों की वेबसाइटें भी इन नियमों के अंतर्गत आएंगी। उल्लंघन करने पर मौजूदा अश्लील सामग्री के समान सख्त दंड का प्रावधान होगा। पहली बार दोषी पाए जाने पर तीन साल की जेल या पांच लाख रुपये का जुर्माना, जबकि दुबारा अपराध पर सजा पांच वर्ष तक और जुर्माना दस लाख रुपये तक बढ़ सकता है।

सरकार डिजिटल कंटेंट के लिए टीवी की तरह रेटिंग प्रणाली लागू करने पर भी विचार कर रही है, जिसमें U, U/A 7+, U/A 13+ और U/A 16+ जैसी श्रेणियां शामिल होंगी। 13 वर्ष से अधिक आयु वाले बच्चों के लिए कंटेंट उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म को पेरेंटल कंट्रोल देना अनिवार्य होगा। सरकार समानांतर रूप से ब्लॉगर्स, व्लॉगर्स, इन्फ्लुएंसर्स और डिजिटल न्यूज/करंट अफेयर्स चैनलों के लिए अलग-अलग दिशा निर्देश तैयार करने पर भी विचार कर रही है। यह सारी प्रक्रिया अभी सलाह-मशविरे के चरण में है, और अंतिम निर्णय आने वाले समय में लिया जाएगा।

## करण जौहर से बातचीत में बताया, दुबई में बेटे इजहान से दूरी सबसे बड़ी चुनौती

# सानिया मिर्जा का दर्द... सिंगल पेरेंटिंग सबसे कठिन, बेटे से दूर एक हफ्ता भी सहना मुश्किल

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारतीय टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा ने अपने यूट्यूब शो सर्विंग इट विद सानिया के नए एपिसोड में फिल्ममेकर करण जौहर से बातचीत के दौरान सिंगल पेरेंटिंग और अकेले रहने की चुनौतियों पर खुलकर बात की। सानिया, जो अब अपने बेटे इज़हान के साथ दुबई में रहती हैं, ने कहा कि काम के कारण भारत आने पर उनसे दूर होना उनके जीवन का सबसे कठिन हिस्सा है।

सानिया ने कहा सिंगल पेरेंटिंग मुश्किल है, क्योंकि हम काम में लगातार व्यस्त रहते हैं। कई बार ऐसा होता है कि मुझे अपने बेटे को छोड़कर बाहर आना पड़ता है और वही मेरे लिए सबसे बड़ा इमोशनल स्ट्रगल है।

उन्होंने बताया कि वह जब भारत आती हैं, उनका बेटा दुबई में उनकी मां के साथ होता है। एक हफ्ते के लिए भी उससे दूर रहना मेरे लिए बेहद मुश्किल है।

सानिया की शादी 2010 में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक से हुई थी, और 2018 में इज़हान का जन्म हुआ। जनवरी 2024 में शोएब ने अभिनेत्री सना जावेद के साथ शादी की तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसके बाद सानिया के परिवार ने पुष्टि की कि दोनों का तलाक कुछ महीने पहले ही हो चुका था।

करण जौहर ने बातचीत के दौरान माना कि सानिया की परिस्थितियाँ और अधिक जटिल रही होंगी। जौहर ने कहा कि अकेले रहना भी आसान नहीं है। कई बार डाइनिंग टेबल पर अकेले बैठने का मन नहीं करता, इसलिए मैं अपने कमरे में खाना खा लेता हूं।

इस पर सानिया ने कहा कि उन्होंने कई बार अकेलापन महसूस होने पर खाना छोड़ दिया। हम इंसान दो लोगों की यूनिट होते हैं। कई बार पार्टनर से मिलने वाला प्यार ही आपको भावनात्मक ताकत देता है।

उन्होंने स्वीकार किया कि रिश्ते में न होने पर सबसे ज्यादा असर रोजमर्रा की छोटी-छोटी चीजों पर पड़ता है। मैंने कितनी बार खाना सिर्फ इसलिए नहीं खाया क्योंकि मैं अकेली थी। मैंने टीवी देखने या काम में खुद को डुबोने का विकल्प चुना।

सानिया ने बताया कि उनकी मां इस पूरे दौर में उनका सबसे बड़ा सहारा रही हैं। जैसे करण की मां उनके लिए सपोर्ट हैं, वैसे ही मेरी मां मेरे लिए हमेशा खड़ी हैं। वह मेरे बेटे के साथ रहती हैं ताकि मैं काम पर ध्यान दे सकूं। बातचीत में सानिया ने बताया कि जीवन के निजी संघर्षों के बावजूद वह खुद को मजबूत बनाए रखने की कोशिश करती रही हैं।

### टेनिस के सफर पर भी की बात



*सानिया, जो भारत की नंबर-वन महिला टेनिस खिलाड़ी रह चुकी हैं, अपने 20 साल के करियर में छह ग्रैंड स्लैम जीत चुकी हैं—तीन महिला डबल्स और तीन मिक्स्ड डबल्स। वह विश्व डबल्स रैंकिंग में भी नंबर-1 रह चुकी हैं। 2023 में उन्होंने टेनिस से संन्यास लिया। एपिसोड में सानिया और करण ने इस बात पर भी चर्चा की कि व्यक्तिगत संघर्षों के बावजूद दोनों ने अपने करियर में सफलता हासिल की और कैसे अकेलेपन से निपटना कभी-कभी एक लंबी भावनात्मक यात्रा बन जाता है।*

**पेज 3 एंकर स्टोरी**

## नागरिकता और PR दोनों के नियम कड़े, हेल्थ वीजा वालों को 15–20 साल तक इंतजार

# यूके में PR के नियम बदलेंगे, अब 5 नहीं, 10 साल की रेजिडेंसी अनिवार्य

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

ब्रिटेन सरकार ने स्थायी निवास और नागरिकता के नियमों में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव रखा है। गृह मंत्री शबाना महमूद ने संसद में नई नीति का खाका प्रस्तुत करते हुए कहा कि रेजीडेंसी अब स्वतः प्राप्त अधिकार नहीं बल्कि अर्जित किया जाने वाला विशेषाधिकार होगा। इन प्रस्तावों को यूके की इमिग्रेशन पॉलिसी में पिछले 50 वर्षों का सबसे बड़ा परिवर्तन माना जा रहा है।

**▪ अब 5 नहीं, 10 साल में मिलेगी PR...**

अभी तक अधिकांश प्रवासी पांच वर्ष तक लगातार यूके में रहने के बाद ILR के पात्र हो जाते थे। नए प्रस्ताव में यह अवधि दोगुनी करके 10 वर्ष करने की बात कही गई है। इसके साथ ही कई नई शर्तें भी जोड़ने की योजना है, जैसे पूरी तरह साफ आपराधिक रिकॉर्ड, अंग्रेजी में ए-लेवल के बराबर दक्षता, नेशनल इंश्योरेंस में सतत योगदान, सरकार या किसी संस्था के प्रति कोई बकाया न होना। होम ऑफिस का कहना है कि इससे समाज में बेहतर

### नागरिकता के लिए भी नए नियम




*नागरिकता आवेदन प्रक्रिया में भी समय सीमा 10 साल तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत सभी आवेदकों को कठोर आर्थिक और भाषाई मानदंड पूरे करने होंगे।*

**▪ तेज रास्ता किसे मिलेगा...**

*सरकार ने कुछ खास श्रेणियों को तेज़ प्रोसेसिंग का लाभ देने का प्रस्ताव रखा है। सबसे अधिक आयकर चुकाने वाले 3 साल में नागरिकता, ग्लोबल टैलेंट वीजा धारक 3 साल में पात्र, उच्च आय वर्ग 5 साल में नागरिकता का विकल्प अंग्रेजी में डिग्री-स्तर की फ्लुएंसी 9 साल में आवेदन का अधिकार सरकार का कहना है कि यह तेज मार्ग उन लोगों के लिए है जो यूके की अर्थव्यवस्था में असाधारण योगदान देते हैं। कुछ श्रेणियां अभी भी पुराने समय सीमा के करीब रहेंगी। डॉक्टर, नर्स, शिक्षक जैसे आवश्यक सेवाओं के कर्मचारी, लंबे समय से वालंटियर कार्य करने वाले लोग, ब्रिटिश नागरिकों या BN(O) (हांगकांग) पार्टनर्स इन मामलों में 5 से 7 साल के भीतर स्थायी निवास संभव रहेगा।*

**▪ लंबा इंतजार किन्हें करना होगा...**

*नई नीति का सबसे कड़ा असर उन पर पड़ेगा जिन्हें सरकार "नेट योगदानकर्ता" की श्रेणी में नहीं मानती। हेल्थ एंड केयर वीजा पर आने वाले 15 साल इंतजार, जिन्होंने 12 महीने तक सरकारी लाभ लिए 15 साल प्रतीक्षा, 1 साल से अधिक लाभ लेने वालों के लिए: 20 साल की देरी, शरणार्थियों के लिए 20 साल, अवैध रूप से आए प्रवासी: 30 साल तक इंतजार अभी यह केवल प्रस्ताव हैं। ये सभी प्रस्ताव सार्वजनिक परामर्श के लिए खुले हैं। अंतिम कानून इन्हीं सुझावों और संसद की मंजूरी पर निर्भर करेगा। सरकार का दावा है कि ये सुधार आने वाले दशक में प्रवासन और स्थायी निवास की परिभाषा को पूरी तरह बदल देंगे।*

# सिम कार्ड के गलत इस्तेमाल पर उपभोक्ता पर भी होगी कार्रवाई

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

दूरसंचार विभाग ने सिम कार्ड और मोबाइल फोन के दुरुपयोग को लेकर उपभोक्ताओं को सख्त चेतावनी जारी की है। विभाग ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति के नाम पर खरीदा गया सिम कार्ड साइबर धोखाधड़ी या किसी अवैध गतिविधि में इस्तेमाल होता है, तो मूल ग्राहक को भी कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। विभाग के अनुसार, फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर सिम लेना, अपना सिम किसी और को सौंप देना या आईएमईआई नंबर में छेड़छाड़ वाले मोबाइल फोन का उपयोग करना दूरसंचार कानूनों का गंभीर उल्लंघन है। यदि बाद में इनका इस्तेमाल किसी अपराध में पाया जाता है, तो सिम के मूल मालिक पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। नई दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत मोबाइल पहचान संख्या में छेड़छाड़ या ऐसे उपकरण का उपयोग जिसमें आईएमईआई बदला जा सकता है करने पर तीन साल तक की कैद और 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि वे कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी बदलने वाले एप्लीकेशन या वेबसाइट का उपयोग न करें और अपने मोबाइल फोन का IMEI नंबर 'संचार साथी' पोर्टल या ऐप पर जरूर जांचें। विभाग का कहना है कि सरकार दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और नागरिकों के लिए सुरक्षित टेलीकॉम वातावरण तैयार करने के लिए सख्त कदम उठा रही है।

# शादी वाले घर में दूल्हे को गोली मारने वाले 5 बदमाश पकड़े

## परिवार को आधे घंटे तक बंधक बनाकर नकदी-जेवरात और कार लूटकर फरार, 3 घंटे में गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | करनाल**

करनाल में सोमवार सुबह एक शादी के घर को निशाना बनाते हुए हथियारबंद बदमाशों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने घर में घुसते ही तीन राउंड हवाई फायर किए और परिवार के सदस्यों को करीब आधे घंटे तक बंधक बनाए रखा। इस दौरान लाखों रुपये की नकदी और जेवरात लूट लिए। विरोध करने पर बदमाशों ने दूल्हे को गोली मार दी और घर की कार लेकर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने कार को बसंत विहार क्षेत्र से बरामद कर लिया।

घटना खनन कारोबारी मनोज पसरीजा के घर की है, जहां उनके बेटे आदित्य पसरीजा की 4 दिसंबर को शादी होनी है। ऑस्ट्रेलिया से



**चोरी की वारदात की जानकारी देते हुए पारिवारिक सदस्य। - समर न्यूज़**

आए आदित्य ने जब लूटपाट का विरोध किया तो बदमाशों ने उसके कंधे में गोली मार दी। उसे तुरंत अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर है।

सूचना मिलते ही पुलिस, सीआईए और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंचीं। हालांकि घर में सीसीटीवी कैमरे लगे थे, लेकिन बदमाश डीवीआर अपने साथ ले गए, जिससे शुरुआती जांच में कठिनाई आ रही है। एसपी करनाल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने छह विशेष टीमें बनाकर इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया है और आसपास के कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस मामले को गंभीरता से जांच रही है और जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद बसंत विहार के पास वरना कार को छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने कार को मौके से बरामद कर लिया है। बदमाश कितनी नकदी और कितने जेवरात ले गए, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है, हालांकि परिवार का कहना है कि 50 से 80 लाख रुपये तक का नुकसान हुआ है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज तीन घंटे के भीतर डेराबस्सी क्षेत्र से पाँचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी अभियान में जिले की पुलिस के साथ पड़ोसी जिलों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया, जिससे बदमाशों की घेराबंदी आसान हुई।

प्रारंभिक जांच और पूछताछ में यह खुलासा हुआ है कि डकैती के दौरान बदमाशों ने किसी व्यक्ति को फोन किया था। कॉल पर वे कह रहे थे कि "तुमने जितना पैसा और ज्वेलरी बताया था, वह यहां नहीं मिला।" साथ ही, वारदात के दौरान आरोपियों ने दुल्हन पक्ष की ओर से लाए गए डॉलर, नकदी और अन्य कीमती सामान भी लूट लिया था।

पांचों आरोपियों को अंबाला CIA की सहायता से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि दूल्हे के नव-निर्मित घर में काम करने वाले कुछ मजदूर इस वारदात में शामिल हो सकते हैं। उनका शक है कि इन्हीं मजदूरों ने पूरी जानकारी और रेकी डकैतों तक पहुंचाई थी।


# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ राजनाथ सिंह ने किया

## ब्रह्मसरोवर तट पर हवन-पूजन के बाद खोला सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रदर्शनी वाला पवेलियन

**समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र**

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की शुरुआत सोमवार को उस समय और विशेष बन गई जब केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कुरुक्षेत्र पहुंचे। उन्होंने पवित्र ब्रह्मसरोवर के तट पर विधिवत पूजन और हवन में आहुति देकर महोत्सव का शुभारंभ किया। वैदिक मंत्रोच्चारण, शंखनाद और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरे वातावरण ने समारोह को और भी भव्य बना दिया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन, कर्तव्य और राष्ट्र निर्माण की अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे गीता के संदेशों को



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करते हुए। -समर न्यूज़**

जीवन में उतारकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

पूजन के बाद राजनाथ सिंह ने महोत्सव स्थल पर स्थापित हरियाणा पवेलियन का औपचारिक उद्घाटन किया।

यह पवेलियन राज्य की सांस्कृतिक विरासत, कृषि, उद्योग, हस्तशिल्प, पर्यटन और गीता-प्रेरित प्रदर्शनों को एक ही मंच पर प्रस्तुत करता है।

उद्घाटन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। पवेलियन के भीतर लगे स्टॉल्स पर पारंपरिक कला, स्थानीय उत्पाद और आध्यात्मिक थीम आधारित प्रदर्शनी लोगों के लिए मुख्य आकर्षण बने रहे।

रक्षा मंत्री सुबह विशेष विमान से अंबाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे, जहां ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने उनका स्वागत किया।

इसके बाद वे भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर से कुरुक्षेत्र पहुंचे और महोत्सव की तैयारियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा भी की।

# जिम संचालक ने जिम में लोहे की रॉड मार कर की युवक की हत्या

## जिम को किया सील, केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी

**समर न्यूज़ | बहादुरगढ़**

बहादुरगढ़ के लाइनपार इलाके में रविवार देर रात एक जिम में हुए विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। जाखोदा निवासी एक युवक की जिम संचालक ने लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने अपने घर में ही जिम बनाया हुआ था, जहां मृतक युवक नियमित रूप से जाता था। रविवार को किसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई, जो जल्द ही हिंसा में बदल गई। गुस्से में आरोपी ने लोहे की रॉड उठाकर युवक के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उसकी मौके



**मृतक की फाइल फोटो।**

पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही लाइनपार थाना प्रभारी परमजीत और एसीपी क्राइम प्रदीप खतरी पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे। जिम परिसर को सील कर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार घटना के समय आरोपी का परिवार भी घर से नदारद था, जिससे साफ है कि संचालक वारदात के तुरंत बाद फरार हो गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक और आरोपी दोनों एक ही गांव जाखोदा के रहने वाले थे और दोनों के बीच पहले भी तनाव की स्थिति रही थी। वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वारदात के बाद क्षेत्र के लोगों में भय और रोष व्याप्त है, जिसके चलते पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है।

# ड्यूटी से घर लौट रहे कर्मचारी पर युवकों ने किया हमला

**समर न्यूज़ | पलवल**

अहरवां गांव में ड्यूटी से घर लौट रहे एक कर्मचारी पर कुछ युवकों ने घात लगाकर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने रास्ता रोककर कर्मचारी पर लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसके सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित बलजीत, निवासी अहरवां, ने सदर थाना पलवल में दी शिकायत में बताया कि रात वह ड्यूटी समाप्त कर दुर्गापुर रोड से होकर घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही करण, जितन, लाला, ओमप्रकाश और बबलू के पुत्र ने उसका रास्ता रोक लिया और बिना किसी बात का मौका दिए अचानक हमला कर दिया। बलजीत के अनुसार, हमलावर लगातार लाठी-डंडों से प्रहार करते रहे, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा।हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# जांच में स्कूल बसों में मिली खामियां

**समर न्यूज़ | पलवल**

बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पलवल जिला पुलिस ने स्कूल सुरक्षित वाहन नीति के तहत बड़े पैमाने पर विशेष जांच अभियान शुरू किया है। यातायात प्रभारी जगबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस, शिक्षा विभाग और आरटीए की संयुक्त टीम ने जिले भर के कई सरकारी और निजी स्कूलों में औचक निरीक्षण किया।

जांच के दौरान स्कूली बसों और वैनों में गंभीर खामियां सामने आईंकुछ बसों में फर्स्ट-एड बॉक्स तक गायब मिले, कई वाहनों में फायर एक्सटिंग्विशर खराब या एक्सपायर पाए गए, जबकि कई ड्राइवरों के लाइसेंस, पुलिस वेरिफिकेशन और आवश्यक दस्तावेज अपडेट नहीं थे।

पुलिस ने मौके पर ही स्कूल प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे खामियां तत्काल दूर करें, साथ ही चेतावनी दी कि मानक पूरे न होने




पर भारी चालान और वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा किसी भी स्तर पर समझौते योग्य नहीं है और स्कूल सुरक्षित वाहन नीति का सख्ती से पालन करवाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही सामने आने पर संबंधित प्रबंधन और चालक दोनों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जांच टीम फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट, इंश्योरेंस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस, पुलिस वेरिफिकेशन, परिचालक की नियुक्ति, फर्स्ट-एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर तथा इमरजेंसी एग्जिट सहित सभी सुरक्षा मानकों की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस ने सभी स्कूलों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है कि वे अपने वाहनों को पूर्ण रूप से मानकों के अनुरूप कर लें। इसके बाद दोबारा सघन जांच की जाएगी और किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर तत्काल चालान व वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की बसों की स्थिति की नियमित जांच करें।

# स्कूलों में मिड डे मील की सप्लाई बदली

**करनाल।** हरियाणा शिक्षा निदेशालय ने मिड डे मील योजना में बड़ा बदलाव करते हुए खाद्य सामग्री की सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह बदल दी है। अब राज्य के सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मिलने वाला राशन सीधे पंचकूला स्थित हरियाणा एग्री इंडस्ट्रीज़ कॉर्पोरेशन लिमिटेड से भेजा जाएगा। विभाग ने इसके लिए 6 अगस्त 2026 तक का अनुबंध किया है। पहले यह खाद्य सामग्री हरित स्टोर्स के माध्यम से भेजी जाती थी, लेकिन गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों के चलते सप्लायर बदलने का निर्णय लिया गया। विभाग का कहना है कि नई व्यवस्था से न केवल खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि संपूर्ण वितरण प्रक्रिया भी अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनेगी। जिले के 608 सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 77,771 विद्यार्थियों को अब मिड डे मील के लिए आवश्यक 25 खाद्य आइटम सीधे HAICL द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

# भूपेंद्र हुड्डा ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा कहा- बैलेट पेपर से हों चुनाव



**जींद में पत्रकारों से बात करते भूपेंद्र हुड्डा। - समर न्यूज़**

**समर न्यूज़ | जींद**

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जींद में पत्रकारों से कहा कि इस बार के विधानसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत में अचानक हुई बढ़ोतरी कई शंकाओं को जन्म देती है, जिसकी विस्तृत जांच आवश्यक है।

हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस लगातार इस मुद्दे पर जनमत तैयार कर रही है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती पारदर्शिता पर टिकी होती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा उजागर किए गए एक मामले में हरियाणा की एक महिला द्वारा कथित रूप से 22 बार वोट डालने की बात सामने आई है, जो ईवीएम प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाता है। हुड्डा ने यह भी आरोप लगाया कि SIR में कई अनियमितताएं पाई गई हैं, जिनकी गहन जांच की मांग कांग्रेस लगातार उठा रही है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश दोबारा बैलेट पेपर प्रणाली की ओर लौटे, ताकि चुनाव प्रक्रिया पर जनता का विश्वास मजबूत हो सके। उन्होंने उदाहरण दिया कि जर्मनी जैसे विकसित देश भी ईवीएम छोड़कर बैलेट पेपर प्रणाली अपनाने की दिशा में जा चुके हैं।

# दीपेंद्र हुड्डा ने रूस में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी की मांग उठाई

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में रूस में फंसे भारतीय युवाओं की सुरक्षित वापसी की मांग की। उन्होंने बताया कि कई छात्र, छात्र वीजा पर रूस गए थे, लेकिन उन्हें रूसी सेना में शामिल कर लिया गया।

हुड्डा ने समिति को पत्र सौंपकर रूस में फंसे अमन और अन्य 56 भारतीय छात्रों की तत्काल सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि लापता छात्रों के परिवारों को नियमित जानकारी देने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएं। विदेश मंत्रालय ने भरोसा दिलाया कि दूतावास के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को ट्रैक करेंगे और आवश्यक जानकारी साझा की जाएगी। सांसद ने चेतावनी दी कि भविष्य में युद्ध क्षेत्र में किसी भी भारतीय



की भर्ती न हो, इसके लिए पुख्ता उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि हिसार के मदनाहेडी गांव निवासी अमन और अन्य छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कूटनीतिक माध्यमों से शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए। हुड्डा ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि काम की तलाश में विदेश गए हरियाणा के युवाओं की दुर्दशा के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है।

उन्होंने हाल ही में रूस में मृत्यु को प्राप्त हुए छात्रों का उदाहरण देते हुए सरकार से छात्रों की सुरक्षा और सुविधा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। समिति ने दीपेंद्र हुड्डा को भरोसा दिलाया कि सभी फंसे हुए छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# हरियाणा से फैला नकली पनीर रैकेट, यूपी में बड़ा खुलासा

**पलवल।** उत्तर प्रदेश के देवरिया, सिद्धार्थनगर और प्रतापगढ़ जिलों में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बड़ी कार्रवाई में नकली पनीर बनाने वाला एक संगठित रैकेट पकड़ा गया है, जिसकी जड़ें हरियाणा के पलवल और नूंह से जुड़ी मिली हैं। जांच में सामने आया है कि हरियाणा के मिलावट गिरोह के कारीगरों ने यूपी के कई जिलों को न सिर्फ नकली पनीर बनाने का फॉर्मूला और केमिकल्स का इस्तेमाल सिखाया, बल्कि बाद में वहीं फैक्ट्रियां खोलकर बड़े स्तर पर मिलावटी पनीर तैयार करना शुरू कर दिया। एफएसडीए के अनुसार पकड़े गए कई आरोपियों का सीधा संपर्क हरियाणा के पलवल और नूंह स्थित रैकेट से था। आगरा एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा पर पकड़ा गया पलवल का एक पिकअप वाहन भी इसी सप्लाई चेन का हिस्सा था, जो बड़ी मात्रा में नकली पनीर यूपी पहुंचा रहा था।

# सीएम सैनी ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए दो डिजिटल पोर्टल लॉन्च किए

## महिलाओं को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच और ग्रामीण उद्यमिता को नई मजबूती



**कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। - समर न्यूज़**

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए दो नए डिजिटल पोर्टल लॉन्च किए'स्वप्ना डिजिटल ग्राम ई-बाज़ार पोर्टल' और 'सांझा बाजार सेल्स पोर्टल'। इन पोर्टलों के माध्यम से राज्य की महिलाएं अपने उत्पादों को ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों माध्यमों से आसानी से बेच सकेंगी।

सीएम सैनी ने अपने एक्स हैंडल पर बताया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं को न सिर्फ राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सरकार की जानकारी के अनुसार, 'स्वप्ना डिजिटल ग्राम ई-बाज़ार पोर्टल' महिलाओं को हस्तशिल्प, जैविक खाद्य उत्पादों और पारंपरिक घरेलू वस्तुओं को पूरे देश में ऑनलाइन बेचने का अवसर प्रदान करेगा। वहीं 'सांझा बाजार सेल्स पोर्टल' स्थानीय बिक्री केंद्रों पर आधारित है, जहां महिलाएं अपने उत्पादों को सीधे बाजार में प्रदर्शित कर सकेंगी। यह पोर्टल फिलहाल राज्य के आठ जिलों में शुरू किया गया है।अधिकारियों का कहना है कि दोनों पोर्टल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ महिलाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ेंगे, जिससे उन्हें उद्यमिता के नए अवसर मिलेंगे और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

**पदयात्रा**

## पीएम और सीएम के पोस्टरों पर कालिख पोते जाने पर सहकारिता राज्यमंत्री बोले- विपक्ष अपना मानसिक संतुलन खो चुका है

# चंडीगढ़ से संबंधित नहीं आ रहा कोई बिल, विपक्ष बेवजह भ्रम फैला रहा: गुर्जर

**सुन्दर कुंडू । पलवल**
**समर न्यूज़**

विकसित भारत पदयात्राओं के अंतर्गत सोमवार को पलवल में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मुख्य अतिथि शिरकत की।

इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम, होडल विधायक हरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक दीपक मंगला, पूर्व विधायक प्रवीण डागर, जिला अध्यक्ष विपिन बैसला, भगत सिंह घुघेरा, पवन डागर इत्यादि के अलावा अन्य लोग भी मौजूद थे। इस दौरान केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 31 अक्टूबर से लेकर 25 नवम्बर तक पूरे देश में यूनिटी मार्च का



**पलवल में आयोजित रन फॉर यूनिटी तिरंगा यात्रा में हिस्सा लेते केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक हरेंद्र रामरतन व अन्य। - समर न्यूज़**

आयोजन किया जा रहा है। यह यूनिटी मार्च लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। उन्होंने कहा कि देश की एकता के लिए हमारे पूर्वजों ने जो बलिदान दिया और त्याग किया उसे बरकरार रखा जाए। सरदार वल्लभभाई पटेल देश के लिए अमिट छाप छोड़कर गए है। जिन्होंने कम समय में देश की सैकड़ों रियासतों को भारत में विलय कराया। सरदार वल्लभभाई पटेल से प्रेरणा लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रास्ते को आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास मूल मंत्री के साथ पिछले 11 वर्षों से देश की एकता के लिए निरंतर कार्य कर रहे है। यूनिटी मार्च को लेकर लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर पैदल मार्च किया है। यूनिटी मार्च को लेकर लोगों जोश और उत्साह और उमंग दिखाई दी। देश की एकता और अखंडता के लिए देश नौजवान और प्रत्येक नागरिक कुछ भी कर सकता है। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करने का एक तरीका और गरिमा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के पोस्टरों पर कालिख पोतना गलत कार्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपना मानसिक संतुलन खो बैठा है। कांग्रेस पार्टी देश के प्रधानमंत्री और उनकी मां के बारे में भी गलत बयानबाजी करते है। इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से कोई उम्मीद रखना बेकार है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ को लेकर संसद में कोई बिल नहीं आ रहा है। विपक्ष लोगों को गुमराह करने में लगा हुआ है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष देश में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते है। लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस सत्ता में नहीं आ सकती है इसलिए देश में अराजकता का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है लेकिन विपक्ष अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होगा।

# हरियाणा में पीएम का दौरा: सैनी सरकार को मिलेगी बड़ी राजनीतिक मजबूती

**समर न्यूज़ | कुरुक्षेत्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में चार प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सात महीनों में यह उनका राज्य का दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के मुख्य समारोह, अनुभव केंद्र के उद्घाटन, अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव और ब्रह्मसरोवर की पवित्र आरती में भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री का यह दौरा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए राजनीतिक रूप से अत्यंत अहम माना जा रहा है। सीएम सैनी स्वयं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं, जबकि राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। भाजपा का मानना है कि यदि आयोजन सफल रहता है, तो इससे मुख्यमंत्री सैनी की राजनीतिक स्थिति को और मजबूती मिलेगी। 17 अक्तूबर को सोनीपत के गोहाना में प्रस्तावित प्रधानमंत्री की रैली आईपीएस वाई. पूरण कुमार मामले के कारण रद्द कर दी गई थी। प्रधानमंत्री का दोबारा हरियाणा आना भाजपा नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है।सरकार का दावा है कि एक वर्ष में 48 संकल्प पूरे किए गए हैं, जबकि 70 से अधिक संकल्पों पर काम जारी है। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत वर्ष पर होने वाला भव्य आयोजन पंजाब की राजनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है। 2027 की शुरुआत में पंजाब विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और मुख्यमंत्री सैनी पिछले एक वर्ष में पंजाब के एक दर्जन से अधिक दौरे कर चुके हैं। इसलिए इस कार्यक्रम के माध्यम से सिख समुदाय को संदेश देने की रणनीति को लेकर भी राजनीतिक हलकों में चर्चा है। उधर, पंजाब सरकार ने भी इसी अवसर पर प्रधानमंत्री को आमंत्रण भेजा है।

# ऊना जिले में 26 नवंबर तक हथियार गोला-बारूद जमा कराने के निर्देश

## हाल ही में हुई गोलीबारी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश

**समर न्यूज | ऊना**

डीसी ऊना जतिन लाल ने जन सुरक्षा और कानून व्यवस्था की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए एक अहम आदेश जारी किया है। आदेश के तहत जिला के सभी हथियार लाइसेंस धारकों को अपने हथियार और गोला-बारूद तुरंत जमा कराने का निर्देश दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक लाइसेंसधारकों को 26 नवंबर तक अपने नजदीकी पुलिस थाने या प्राधिकृत लाइसेंसधारी आर्म्स एवं एम्युनिशन डीलर के पास हथियार एवं गोला बारूद जमा कराने होंगे। आदेश का पालन न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



उपायुक्त जतिन लाल जानकारी देते हुए - समर न्यूज

जिला दंडाधिकारी ने यह आदेश जिले में हाल ही में हुई गोलीबारी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए बीएनएसएस की धारा 163 के तहत जारी किया है। यह आदेश आगामी निर्देशों तक लागू रहेगा। सभी थाना प्रभारियों को आदेश के अनुपालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। हथियार जमा करने की प्रक्रिया के दौरान, थाने और अधिकृत डीलर उपयुक्त रिसिप्ट



देकर हथियारों की सुरक्षित प्राप्ति तथा रखरखाव सुनिश्चित करेंगे। आदेश समाप्त होने के बाद जमा किए गए हथियार वापस किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला वासियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जनता से आदेश का पालन करने और शांति व्यवस्था में सहयोग की अपील की है। डीसी और एसपी की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमेटी ने जिले के सभी लाइसेंसी हथियारों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर सभी लाइसेंसधारकों को अपने हथियार और गोला-बारूद जमा कराने के निर्देश देने की सिफारिश की थी।

**इन्हें रहेगी छूट**

यह आदेश सशस्त्र/पैरामिलिट्री फोर्सेज, होमगार्ड, पुलिस कर्मचारी, बैंक सुरक्षा गार्ड और अन्य कानून व्यवस्था से जुड़े कर्मियों पर लागू नहीं होगा। साथ ही, सेल्फ-प्रोटेक्शन लाइसेंस वाले हथियारों के लिए पुलिस खतरे की स्थिति का गहन आकलन करेगी। जिन लाइसेंसधारकों के जीवन पर तत्काल खतरा हो, उन्हें इस आदेश में छूट दी जाएगी।

# ऊना पुलिस ने कार सवार से 20 ग्राम चिट्टा पकड़ा



सदर ऊना पुलिस थाने की तस्वीर।

**समर न्यूज | ऊना**

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत गगरेट थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने एक कार की तलाशी के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 20 ग्राम चिट्टा बरामद किया। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी नशे का सामान कहां से लेकर आया था और इसे आगे कहां सप्लाई किया जाना था। प्रदेश सरकार की ओर से चिट्टे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस लगातार सख्ती बरत रही है। एडिशनल एसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस की यह मुहिम आगे भी और अधिक कड़ाई के साथ जारी रहेगी।

# अवैध खनन और देर रात शराब परोसने के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

## उपायुक्त ने आदेश जारी करते हुए कहा, नियम न मानने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**राकेश | ऊना**
**समर न्यूज**

जिला प्रशासन कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए लगातार कड़ा रुख अपनाए हुए हैं। डीसी ऊना जतिन लाल ने रविवार को तीन बड़े आदेश जारी कर साफ संदेश दे दिया है कि जिले में अवैध खनन हो, शराब परोसने वाले प्रतिष्ठानों की मनमानी हो या भारी वाहनों की अव्यवस्थित आवाजाही अब किसी भी उल्लंघन को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत लिए गए इन फैसलों को कानून-व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में प्रशासन का ताबड़तोड़ ऐक्शन माना जा रहा है। सबसे अहम आदेशों में पहला आदेश जिले के सभी बार, क्लब, पब और शराब परोसने वाले रेस्टोरेंट अब रात दस बजे तक अनिवार्य रूप से बंद करने होंगे। देर रात होने वाली गतिविधियों को रोकने के लिए यह कार्रवाई तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है।

डीसी ने इसे सार्वजनिक शांति और सुरक्षा के मद्देनजर बेहद जरूरी बताया।दूसरा बड़ा निर्णय जिले की स्वां नदी सहित सहायक नदियों में अवैध खनन पर पूरी तरह रोक का है।

बाथू, बाथड़ी, संतोषगढ़, खन्ना, फतेहपुर सहित प्रभावित क्षेत्रों में बिना अनुमति किसी भी तरह का खनन अब पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है।

अवैध उत्खनन में प्रयुक्त जेसीबी, टिप्पर सहित मशीनरी को मौके पर ही जब्त किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होगी। नदी किनारों पर वनस्पति कटाई भी अब वर्जित है।

तीसरे आदेश में डीसी ने ऊना शहर को जाम से राहत दिलाने के लिए डीसी चौक से मैहतपुर बैरियर तक टिप्परों की आवाजाही पर पूर्ण रोक लगा दी है।

व्यावसायिक भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक बंद रहेगा। प्रशासन ने लोडिंग अनलोडिंग पर भी यही समय सीमा लागू की है। इसके साथ ही रात 5 बजे से सुबह 6 बजे तक खनन पर पहले से लगे प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जाएगा।

अवैध खनन के लिए निर्धारित समय और विशेष कॉरिडोर भी तय किए गए हैं, जिनकी निगरानी चेकपोस्टों के माध्यम से की जाएगी। किसी भी अन्य मार्ग से खनन सामग्री परिवहन करने पर सीधी कार्रवाई होगी।

# जल शक्ति विभाग के कर्मचारी 28 नवंबर को करेंगे शक्ति प्रदर्शन

## कर्मचारी बोले, सरकार ने 68 बार मांग पत्र लेने के बावजूद नहीं किया समाधान

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज**

जल शक्ति विभाग में कार्यरत एमटीएस और पैरा वर्कर आगामी 28 नवंबर को धर्मशाला के तपोवन में शीतकालीन सत्र के दौरान बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बीते तीन वर्षों से वे स्थायी नीति बनाने और न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग लगातार उठा रहे हैं, लेकिन सरकार अभी तक उनकी समस्याओं पर सकारात्मक निर्णय नहीं ले रही। मंडी में आयोजित बैठक के बाद कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने स्पष्ट कर दिया कि यदि इस बार भी सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो अगला कदम शिमला में सीधा घेराव होगा। बैठक में कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के



प्रदर्शन की जानकारी देते हुए कर्मचारी। - समर न्यूज

प्रदेश अध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि वे अब तक सुक्खू सरकार को 68 बार मांग पत्र सौंप चुके हैं, मगर हर बार उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने बताया कि खुद उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कैबिनेट में उनका मुद्दा रखने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस नीति नहीं बन पाई। विवेक कुमार ने कहा कि लगातार हो रही अनदेखी से कर्मचारी अब आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। धर्मशाला में प्रदर्शन के दौरान सरकार को मांग पत्र सौंपा जाएगा और इसके बाद भी समाधान न मिलने पर शिमला में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पैरा वर्कर यूनियन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने भी आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस सरकार ने युवाओं को 58 वर्ष तक स्थायी नौकरी देने का वादा किया था, परंतु सरकार अब अपने वादों से पीछे हट रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से लेकर आपदा के समय तक कर्मचारियों ने बिना रुके सेवाएं दीं, लेकिन उनके हक की अनदेखी लगातार जारी है। ऐसे में आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। कर्मचारियों का कहना है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठा रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि सरकार उनकी वर्षों पुरानी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी। मगर यदि 28 नवंबर को तपोवन में होने वाला शक्ति प्रदर्शन भी सरकार को जगाने में नाकाम रहता है, तो प्रदेश की राजधानी शिमला में बड़ा घेराव होगा, जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी।

# चुनाव आयोग ने हिमाचल में पंचायत चुनाव की तैयारी की तेज

## पंचायत पुनर्सीमांकन पर लगी रोक को सरकार हाईकोर्ट में देगी चुनौती

**समर न्यूज | शिमला**

हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित पंचायत चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग ने चुनाव सामग्री और बैलेट पेपरों के वितरण की तिथियां तय कर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरजीत सिंह राठौर के अनुसार 24 नवंबर से चुनाव सामग्री का वितरण शुरू हुआ और सभी जिलों को चरणबद्ध तरीके से सामग्री उपलब्ध करवाई गई।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 नवंबर को किन्नौर, लाहौल-स्पीति, केलांग और कुल्लू जिले के अधिकारियों को सामग्री दी गई। 25 नवंबर को सिरमौर और ऊना, 26 नवंबर को शिमला, 27 नवंबर को कांगड़ा, 28 नवंबर को मंडी, 29 नवंबर को सोलन और चंबा तथा 1 दिसंबर को बिलासपुर और हमीरपुर को चुनाव सामग्री वितरित होगी।

सभी संबंधित अधिकारियों को सुबह 10 बजे मुद्रण एवं लेखन विभाग, कच्ची घाटी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव सामग्री, विशेषकर बैलेट पेपरों को सुरक्षित सरकारी वाहनों में उचित पुलिस सुरक्षा के साथ ही ले जाया जाए। साथ ही यह भी अनिवार्य किया गया है कि सामग्री को पूर्ण सुरक्षा में रखा जाए और चुनाव प्रक्रिया में उपयोग से पहले किसी प्रकार की चूक न रहे।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में वर्तमान में डिजास्टर एक्ट लागू है और आपदा राहत कार्य जारी हैं। इसलिए राहत और पुनर्वास कार्य पूरे होने के बाद ही पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्य सचिव और पंचायती राज विभाग ने इसकी जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी है। उन्होंने कहा कि सरकार और आयोग दोनों अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन कर रहे हैं तथा कानून व्यवस्था से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर, प्रदेश सरकार ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा लगाए गए पंचायतों के पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन पर रोक को चुनौती देने का निर्णय लिया है।

पंचायती राज सचिव सी. पालरासु ने बताया कि करीब 30 पंचायतों के पुनर्गठन के प्रस्ताव सरकार को प्राप्त हुए हैं।

आबादी, भूगोल और प्रशासनिक संरचना के आधार पर संशोधन आवश्यक हैं, लेकिन आयोग की रोक के कारण प्रक्रिया अधूरी है। सरकार अब हाईकोर्ट से पुनर्सीमांकन पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग करेगी।

पंचायत चुनावों में इस बार लगभग 55 लाख 20 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग जिलों को पंच पदों के लिए बैलेट पेपर, रसीद बुक, सिंबल पोस्टर और पेपर सील उपलब्ध कराएगा। अधिसूचना जारी होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी विकास खंडों को चुनाव सामग्री सौंपेंगे।

# झंडूता के सेर गांव के पास दो वाहनों की टक्कर, बड़ा हादसा टला



हादसे में क्षतिग्रस्त कार की तस्वीर। - समर न्यूज

**झंडूता | बिलासपुर**
**समर न्यूज**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव सेर के पास सुबह ही दो गाड़ियों की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में हिमाचल प्रदेश नंबर की टाटा टियागो कार और हरियाणा नंबर की महिंद्रा आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गाड़ियों के एयर बैग खुल गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई और सभी यात्री सुरक्षित हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस थाना झंडूता की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटवाया और यातायात बहाल करवाया। वर्तमान में पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दोनों चालकों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। आगामी कानूनी कार्रवाई जारी है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसआई झंडूता अश्वनी कुमार ने बताया कि सुबह धुंध के कारण यह हादसा हुआ। सड़क पर एक आवारा पशु आ गया था । पशु को बचाते हुए यह घटना हुई। सूचना मिलते ही पुलिस झंडूता पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी कार्यवाही जारी है।

# चिट्टा के बढ़ते प्रकोप और निजी पुनर्वास केंद्रों में हिंसा पर नेता प्रतिपक्ष ने जताई चिंता

## प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में नशे के खिलाफ पुनर्वास के लिए एक भी डेडीकेटेड वार्ड नहीं : जयराम ठाकुर

**समर न्यूज | शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में सरकार पूरी तरीके से गंभीर नहीं है। सिर्फ और सिर्फ हैडलाइन और इवेंट मैनेजमेंट के सहारे सुर्खियां बटोरी जा रही है। आज ही समाचार पत्रों में पढ़ा कि शिमला जिला की 412 में से 265 पंचायतों में नशे का जाल फैला हुआ है। इनमें से 145 पंचायत में ये अपने पांव पसार चुका है। प्रदेश की पुलिस ने ही इन पंचायतों का विभाजन तीन श्रेणियां में किया है। एक ऐसी घटना और भी आज सामने आई जिसमें चिट्टे की वजह से तीन पीढ़ियों के बर्बाद होने की बात सामने आई। इसी तरह की एक घटना कांगड़ा से सामने आई जब एक मां अपने बच्चे की हालत न देख पाने पर नशा खरीदने पर विवश हुई और वह जेल पहुंच गई। ऐसी घटनाएं बहुत पीड़ा दायक होती हैं। पिछले हफ्ते ही नशा निवारण केंद्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के बाद उसकी मौत का मामला सामने आया जिसने सरकार



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर - समर न्यूज

की नशे के खिलाफ गंभीरता को लेकर प्रश्न खड़े किए हैं। प्रदेश में न जाने कितने युवाओं की इस नशे की वजह से असमय मौत हो चुकी है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि पुनर्वास केंद्रों में नशे के उपचार के नाम पर हिंसा के अनगिनत मामले सामने आए हैं। जिसमें कई लोगों की मृत्यु होने की खबरें भी सामने आई हैं। पुनर्वास केंद्रों के नाम पर अराजकता का आलम अब तक चर्म पर है। कुछ रिहैबिलिटेशन सेंटर भी है जो मारपीट की वजह से बंद किए गए हैं । इन केंद्रों में नशा छुड़ाने के नाम पर युवाओं के साथ मारपीट होती है। यह केंद्र नशा छुड़ाने के लिए न ही दवाइयों का प्रयोग करते थे और न ही उन्हें डॉक्टर के पास ले जाते थे। प्राप्त आंकड़ों की बात करें तो प्रदेश के 9 जिलों में करीब 102 पंजीकृत निजी मादक द्रव उपयोग विकार पुनर्वास केंद्र हैं जिसमें से 40 को बंद कर दिया गया है।

निजी नशा निवारण केंद्रों की अराजकता की वजह सिर्फ यह है कि सरकारी क्षेत्र में ऐसी सुविधाएं प्रभावी रूप में उपलब्ध नहीं है। प्रदेश के किसी भी मेडिकल कॉलेज में अलग से नशे के लिए वार्ड साइकेट्री या मनोचिकित्सा विभाग होता है। यही विभाग डील करता है। किसी भी मनोचिकित्सा विभाग में बेड की स्ट्रैंथ नहीं बढ़ाई है। कोई डेडीकेटेड वार्ड नहीं है। इसलिए लोगों को निजी क्षेत्र में पैसे खर्च करना पड़ रहे हैं। प्रति माह निजी में 25 हजार रुपए तक का खर्च है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बिना समाज और सरकार के सामूहिक प्रयास के यह लड़ाई जीतना आसान नहीं है। आज समाज इस लड़ाई में साथ है। माताओं ने अपने बच्चों को पुलिस के सामने सरेंडर किया है लेकिन इतनी बड़ी लड़ाई में सरकार की भूमिका स्पष्ट नहीं है। सरकार सिर्फ हैडलाइन मैनेजमेंट में व्यस्त है जबकि नशा रक्तबीज की तरह प्रदेश के कोने कोने में बढ़ रहा है। आज स्थिति यह है कि प्रदेश के 6 मेडिकल कॉलेज में से एक भी मेडिकल कॉलेज में नशे के खिलाफ पुनर्वासन के लिए एक भी डेडीकेटेड वार्ड नहीं है। मनोचिकित्सा वार्ड में सरकार द्वारा एक बेड भी नहीं बढ़ाया गया है। इसकी वजह से नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले लोग भी बेबस हैं। जिनके पास इतने पैसे नहीं है कि वह निजी उपचार केंद्रों में इलाज करवा सके उनके लिए यह स्थिति और भी भयावह है।

इस क्षेत्र के चिकित्सा विशेषज्ञ भी यही सलाह देते हैं कि ड्रग एडिक्ट्स को एक पेशेंट की तरह ट्रीट किया जाए क्रिमिनल की तरह नहीं। इसलिए मेरा मुख्यमंत्री से आग्रह है नशा निवारण के लिए सरकारी क्षेत्र में भी बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाएं। जिससे इस लड़ाई से बाहर आने की चाह रखने वाले लोगों को मदद मिल सके।

# दिशा की बैठक से गैरहाजिर रहे अफसर, भड़के सांसद सुरेश

## पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को जारी होगा कारण बताओ नोटिस




मीडिया को जानकारी देते हुए सांसद सुरेश कश्यप। - समर न्यूज

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज**

शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने सोमवार को दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता की। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए बुलाई गई इस महत्वपूर्ण बैठक में उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब लोक निर्माण विभाग के अधिकारी बैठक में उपस्थित ही नहीं हुए। इस गैरजिम्मेदाराना रवैये पर सांसद कश्यप खुले तौर पर नाराज दिखे। उन्होंने जिला शिमला उपायुक्त अनुपम कश्यप को तुरंत आदेश दिए कि अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। सांसद ने स्पष्ट कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोक निर्माण विभाग को बड़े स्तर पर सहायता और फंड उपलब्ध करवाए गए हैं, ऐसे में विभाग के अधिकारियों का बैठक में नदारद रहना बिल्कुल अस्वीकार्य है।

# स्टेडियम पर विवाद, पड्डल ग्राउंड के बजाय रघुनाथ का पधर में बनाया जाएगा स्टेडियम

## राजेश बोले, नदी किनारे स्टेडियम संभव नहीं, विधायक जनता को कर रहे गुमराह

**धर्मवारी | मंडी**
**समर न्यूज**

मंडी में प्रस्तावित इनडोर स्टेडियम को लेकर सियासत लगातार गर्मा रही है। भाजपा विधायक अनिल शर्मा द्वारा हाल ही में यह घोषणा किए जाने के बाद कि इनडोर स्टेडियम अब पड्डल ग्राउंड के बजाय रघुनाथ का पधर में बनाया जाएगा, इस मुद्दे पर नया विवाद खड़ा हो गया है। पन्नालाल रक्षा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने एक बार फिर विधायक के फैसले पर गंभीर सवाल उठाए हैं और जमीन चयन को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

राजेश कपूर ने मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रघुनाथ का पधर में जो भूमि चिन्हित की गई है, वह नदी के बिल्कुल समीप है। एनजीटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसी संवेदनशील लोकेशनों पर किसी भी तरह का बड़ा निर्माण कार्य संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक अनिल शर्मा बिना पर्याप्त सर्वे और नियमों का पालन किए जनता को सिर्फ भ्रमित कर रहे हैं। कपूर के मुताबिक, इनडोर स्टेडियम को लेकर हर बार अलग-अलग घोषणाएं की जा रही हैं, जिससे जनता के मन में शंका पैदा होना स्वाभाविक है। राजेश कपूर ने कहा कि पड्डल ग्राउंड की भूमि को खेल विभाग के नाम करना भी गलत कदम है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले इसी पड्डल मैदान में इनडोर स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव आया था, लेकिन स्थानीय लोगों के भारी विरोध को देखते हुए इस विचार को वापस लेना पड़ा। पड्डल ग्राउंड मंडी शहर का सार्वजनिक और सांस्कृतिक केंद्र है, जहां पर कंक्रीट की संरचना खड़ी करना जनहित के खिलाफ है।कपूर ने सख्त शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में पड्डल में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने की कोशिश की जाती है, तो उसका सबसे पहला विरोध वे स्वयं करेंगे यहां तक कि बुलडोजर चलाने की नौबत आई तो वह सबसे पहले उन पर चलाया जाए उन्होंने विधायक अनिल शर्मा से मांग की कि रघुनाथ का पधर में चिन्हित भूमि की स्थिति, कानूनी स्थिति और निर्माण की वास्तविक संभावनाओं को लेकर सार्वजनिक रूप से स्पष्ट बयान दें।


**टी-20 मैच** | दस साल बाद फिर भिड़ेंगी भारत दक्षिण अफ्रीका की टीमें

# 1500 रुपये वाले सस्ते टिकट के लिए अभी करना होगा इंतजार

**राहुल चावला | धर्मशाला**
**समर न्यूज**

धर्मशाला स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 14 दिसंबर को होने वाला भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह पैदा कर रहा है। लगभग दस साल बाद दोनों टीमें इस मैदान पर आमने-सामने होंगी। इससे पहले 2 अक्टूबर 2015 को यहां टी-20 मुकाबला खेला गया था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 15 सितंबर 2019 को भी दोनों टीमों का धर्मशाला में टी-20 मैच निर्धारित था, लेकिन भारी बारिश के चलते मुकाबला बिना गेंद फेंके ही रद्द हो गया था।

लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर यहां रोमांचक मुकाबला देखने को



क्रिकेट स्टेडियम की फाइल फोटो। - समर न्यूज

मिलेगा। भारतीय टीम पहले भी इस मैदान पर तीन टी-20 मुकाबले खेल चुकी है, जिनमें से दो में उसे जीत मिली है। इस बार टीम इंडिया कुछ नए चेहरों के साथ मैदान में उतरने वाली है, जबकि दक्षिण अफ्रीका टीम अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताने की तैयारी में है।

इधर, मैच को लेकर टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुरू हो गई है और प्रशंसकों के बीच टिकट खरीदने की होड़ दिखाई दे रही है। बीसीसीआई ने टिकट बिक्री डिस्ट्रिक एप और अपनी आधिकारिक टिकटिंग ऐप के माध्यम से शुरू की है।

हालांकि 1,500 रुपये वाले सबसे सस्ते टिकट अभी उपलब्ध नहीं हैं और इनके लिए क्रिकेट प्रेमियों को कुछ समय और इंतजार करना पड़ेगा। वर्तमान में 1,750 रुपये वाले टिकटों की बिक्री खुली है, जो नॉर्थ वेस्ट स्टैंड में उपलब्ध हैं।स्टेडियम के कुल 14 स्टैंडों में से फिलहाल सिर्फ छह को ही बिक्री के लिए खोला गया है। इन स्टैंडों में 1,750, 5,000, 7,000, 9,000 और 12,500 रुपये कीमत वाले टिकट उपलब्ध हैं।

एचपीसीए सचिव अवनीश परमार के अनुसार, जैसे-जैसे मांग बढ़ेगी, बाकी स्टैंडों की टिकट बिक्री भी शुरू कर दी जाएगी।

डिस्ट्रिक एप पर अभी सीमित स्टैंडों के टिकट उपलब्ध हैं, लेकिन आगामी दिनों में सभी स्टैंडों के टिकट मिलने लगेंगे।

नॉर्थ वेस्ट स्टैंड 1,750 रुपये, नॉर्थ पवेलियन 5,000 रुपये, वेस्ट स्टैंड-1 और वेस्ट स्टैंड-2 7,000 रुपये, पवेलियन टैरेस 9,000 रुपये और क्लब लॉज 12,500 रुपये के टिकट तेजी से बिक रहे हैं। धर्मशाला में होने वाला यह मुकाबला केवल क्रिकेट प्रेमियों ही नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी उत्साह का केंद्र बना हुआ है, क्योंकि यह मैच सर्दियों के मौसम में पर्यटन की रौनक बढ़ाने में भी मदद करेगा।

### चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 12 तस्कर काबू, 8.15 करोड़ की ड्रग्स और कीमती सामान बरामद



चंडीगढ़ पुलिस कार्रवाई करती। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

ट्राईसिटी में नशीली दवाओं की सप्लाई करने वाले दो बड़े अंतरराज्यीय गिरोहों का चंडीगढ़ पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में 12 तस्करों को दबोचा गया है, जिनके पास से 8.15 करोड़ रुपये की ड्रग्स, नकदी, सोना–चांदी, वाहन, क्यूआर स्कैनर और अन्य सामान जब्त किया गया। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की कड़ियों को खंगाल रही है। यह पूरी कार्रवाई एसपी क्राइम जसबीर सिंह और डीएसपी क्राइम धीरज कुमार की निगरानी में इंस्पेक्टर सतविंदर की टीम ने अंजाम दी। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सेक्टर-40 में दबिश देकर अश्विनी कुमार और आशू को पकड़ा, जिनके पास से 47.80 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में सामने आए नामों के आधार पर पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों- सोनू, कालू, डॉन, सलमान, मुन्ना, सुनील, दर्जी, अनूप और दिल्ली के बड़े सप्लायर बंटी — को भी गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली में बंटी के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में कोकीन, 20.64 लाख रुपये नकद, सोना–चांदी समेत कई महत्वपूर्ण आइटम बरामद हुए।

# गांव गरीड़ा, चरनिया, बाड़ में अवैध कॉलोनियों व निर्माण किए ध्वस्त



**चंडीगढ़** | उपायुक्त पंचकूला सतपाल शर्मा के निर्देश पर जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) संजय नारंग के नेतृत्व में पैरिफेरी नियंत्रित क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान गांव गरीड़ा, चरनिया और बाड़ में बिना अनुमति विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों और निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया।

अभियान के दौरान नायब तहसीलदार बरवाला संजीव अत्री (ड्यूटी मजिस्ट्रेट), सहायक नगर योजनाकार अशोक कुमार और डिम्पी राठी, कनिष्ठ अभियंता अनिल तथा भारी पुलिस बल मौजूद रहा, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हो सकी। डीटीपी संजय नारंग ने बताया कि विभाग ने इन अवैध निर्माणों को रोकने के लिए पहले नोटिस जारी किए थे, लेकिन निर्धारित समय में निर्माण नहीं हटाए गए। ऐसे में मजबूरी में विभाग को यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने या कॉलोनी विकसित करने से पहले नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग, हरियाणा से सीएलयू/लाइसेंस की स्वीकृति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति किए गए निर्माणों पर विभाग आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रखेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी प्लॉट या कॉलोनी में निवेश करने से पूर्व विभागीय अनुमति व दस्तावेजों की जांच अवश्य करें तथा स्वयं भी बिना अनुमति निर्माण न करें।

# मोहाली प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स वेलफेयर एसो. की एग्जीक्यूटिव बॉडी की अहम बैठक आयोजित



मोहाली प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव बॉडी की बैठक आयोजित की। - समर न्यूज़

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

मोहाली प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) की एग्जीक्यूटिव बॉडी की मीटिंग प्रेसिडेंट ए.के. पवार की अध्यक्षता में होटल मिराज, सेक्टर-70 में हुई। इस मीटिंग में एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे। इस मीटिंग में प्रेसिडेंट ने कहा कि कुछ दिन पहले एसोसिएशन के सदस्य पुडा/गमाडा की चीफ एडमिनिस्ट्रेटर साक्षी साहनी से मिले थे और उन्हें आ रही समस्याओं के बारे में बताया था और उन्होंने पूरे सहयोग का भरोसा भी दिया था और कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया गया था। प्रेसिडेंट ने सदस्यों को एसोसिएशन द्वारा पहले किए गए कामों के बारे में बताया। जनरल सेक्रेटरी अमनदीप सिंह गुलाटी ने पत्रकारों को बताया कि इस मीटिंग के दौरान एसोसिएशन के चेयरमैन भूपिंदर सिंह सभरवाल ने कहा कि गमाडा के सीनियर अधिकारियों को बताया जाएगा कि निचले लेवल पर आम लोगों को कई तरह की समस्याएं आती हैं और उनके ध्यान में लाकर इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

मीटिंग के दौरान, अलग-अलग मेंबर्स ने अपने विचार और सुझाव दिए और मीटिंग में मौजूद एस. दीदार सिंह (चेयरमैन, खादी ग्राम उद्योग, UT, चंडीगढ़) को खास तौर पर सम्मानित किया गया और मीटिंग में आने के लिए धन्यवाद दिया गया। आखिर में, जनरल सेक्रेटरी अमनदीप सिंह गुलाटी ने एसोसिएशन की तीसरी मंथली मीटिंग में आने के लिए सभी ऑफिस बेयरर्स और मेंबर्स को धन्यवाद दिया। इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट राजेश बेरवाल, गुरविंदर सिंह, हरिंदर सिंह, सुरिंदर सिंह, एच. एस नेगी, मिकी कालरा, सरबजीत सिंह मान, हरदीप सिंह, योगेश गोयल, अशोक झा, सुनील चावला, कुलदीप कुमार, सतिंदर पाल सिंह, संजय डोगरा, बलबीर सिंह सूफी, मोहित खन्ना और दूसरे जाने-माने मेंबर्स मौजूद थे।

# छाती की बीमारियों के लिए ईबीयूएस-एफएनए लॉन्च किया

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

लिवासा अस्पताल ने एंडोब्रोनचियल अल्ट्रासाउंड-गाइडेड फाइन नीडल एस्पिरेशन ईबीयूएस-एफएनए की लॉन्च के साथ अपनी पल्मोनरी मेडिसन सेवाओं को मजबूत किया है, जो एक अत्याधुनिक निदान तकनीक है, जो छाती के रोगों का पता लगाने और मैनेज करने का एडवांस्ड तरीका है। कंसल्टेंट इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी, लिवासा हॉस्पिटल डॉ. बलजोत सिंह ने कहा कि फेफड़ों के कैंसर, तपेदिक, सारकॉइडोसिस, लिम्फोमा, मेटास्टैटिक कैंसर और गहरे लिम्फ नोड सूजन जैसी स्थितियों का जल्दी पता लगाना मुश्किल था और अक्सर सर्जिकल बायोप्सी की आवश्यकता होती थी।

उन्होंने बताया, "फेफड़े के कैंसर, तपेदिक, सारकॉइडोसिस, लिम्फोमा, मेटास्टैटिक कैंसर और गहरे लिम्फ नोड सूजन जैसी स्थितियों का जल्दी पता लगाना मुश्किल था और अक्सर सर्जिकल बायोप्सी की आवश्यकता होती थी। यह हमें फेफड़ों के कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का शीघ्रता से और उल्लेखनीय सटीकता के साथ और सर्जरी की आवश्यकता के बिना पता लगाने की अनुमति देता है। डॉ. सिंह ने कहा कि एक पतली, लचीली



स्कोप का उपयोग करके, डॉक्टर अब छाती के अंदर छिपे हुए क्षेत्रों तक पहुंच सकते हैं, उन्हें वास्तविक समय में देख सकते हैं, और रोगियों के लिए शीघ्र, सटीक और अधिक सुरक्षित निदान सुनिश्चित करके बिना सर्जरी के सटीक नमूने एकत्र कर सकते हैं। ईबीयूएस-एफएनए के फायदों के बारे में बात करते हुए, डॉ. सिंह ने कहा कि यह फेफड़ों के कैंसर और उसके चरण, टीबी, सारकॉइडोसिस, लिम्फोमा, अन्य अंगों से कैंसर के प्रसार और गहरी छाती और ग्रैनुलोमेटस संक्रमण का निदान करने में मदद करता है। यह बिना किसी सर्जरी या टांके के और उच्च नैदानिक सटीकता के साथ बेहद सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि यह एक डे केयर प्रक्रिया है जिसमें तेजी से रिकवरी होती है । उन्होंने कहा कि इसे हल्के बेहोश करके किया जाता है और आमतौर पर डे-केयर प्रक्रिया के रूप में पूरा किया जाता है, ईबीयूएस-एफएनए अधिकांश रोगियों को उसी दिन घर लौटने की अनुमति देता है।

# महिला से स्नैचिंग की कोशिश के मामले मे एक आरोपी गिरफ्तार

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

कालका में एक बुजुर्ग महिला से स्नैचिंग की कोशिश करने वाले आरोपी को पंचकूला पुलिस की डिटेक्टिव स्टॉफ टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 नवंबर को सुबह करीब 5 बजे कालका स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पास एक बुजुर्ग महिला को निशाना बनाते हुए दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने उनसे पता पूछने के बहाने बातचीत शुरू की। बातचीत के दौरान युवकों ने अचानक महिला के साथ मारपीट की और अंगुठी छीनने की कोशिश की थी। महिला के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। कालका थाना में स्नैचिंग का मामला दर्ज कर पंचकूला पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

घटना के बाद पुलिस टीम ने इलाके के कई स्थानों से सीसीटीवी फुटेज एकत्रित कर उनको चैक किया गया। जिसके आधार पर पुलिस ने उनके संभावित ठिकानों की पहचान की। इसी क्रम में 23 नवंबर को डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज मनदीप सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली



आरोपी के साथ पुलिसपार्टी मौजूद।

कि घटना में शामिल एक आरोपी टगरा हकीमपुर क्षेत्र में देखा गया है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत छापामारी करते हुए आरोपी को मौके से काबू कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनय पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी नानकपुर कॉलोनी कैथल, हाल किरायेदार गांव टिपरा, कालका के रूप में हुई है। डीसीपी क्राइम ने बताया कि आरोपी विनय को आज पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस विभिन्न तकनीकी साधनों और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ, राज्यपाल कटारिया रहे मुख्य अतिथि

# प्रभु राम के बिना भारतीयता की पहचान संभव नहीं

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



गुरुदेव आशुतोष महाराज के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान और श्री राम कृपा सेवा ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 34 स्थित प्रदर्शनी मैदान में सात दिवसीय दिव्य श्री राम कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 23 से 29 नवंबर 2025 तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा। कथा वाचन के लिए संस्थान की संचालक एवं संस्थापक आशुतोष महाराज की शिष्या, विश्वविख्यात मानस मर्मज्ञ साध्वी श्रेया भारती अपनी संपूर्ण मंडली सहित पधारी हैं।

कथा का शुभारंभ पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्वामी परमानंद, स्वामी गुरुकृपानंद, सतनाम सिंह एरोस्पेस इंजीनियर, अमेरिका, डॉ. हरपाल सिंह मैक्स अस्पताल, मोहाली, तथा श्री राम कृपा सेवा ट्रस्ट से जगमोहन गर्ग, अनूप गुप्ता, प्रदीप बंसल और रामबीर भट्टी भी उपस्थित थे। दैनिक यजमान पूजन डॉ. दीपक भसीन द्वारा किया गया, जबकि बीएल शर्मा सेक्रेटरी, चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट, मुकेश गोयल एमडी, निर्माण घर और लक्ष्मी नारायण गोयल ने भी यजमान पूजन में भाग लिया। अपने प्रेरक प्रवचनों में साध्वी श्रेया भारती ने कहा कि प्रभु श्री राम का चरित्र विश्व संस्कृति का शाश्वत, उज्ज्वल और सर्वव्यापी तत्व है। उन्होंने कहा कि भारतीयता की पहचान श्री राम के बिना पूर्ण नहीं हो सकती। साध्वी ने कहा कि "राम अतर्क्य बुद्धि मन वाणी" अर्थात प्रभु श्री राम को केवल बुद्धि से नहीं समझा जा सकता, क्योंकि जहाँ बुद्धि की सीमा समाप्त होती है, वहीं से सच्चे ज्ञान का उदय होता है। माता सती के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सती ने बुद्धि और इंद्रियों से श्री राम की लीला को जानना चाहा, लेकिन सफल नहीं हो सकीं। उन्होंने समझाया कि अध्यात्म मन या बुद्धि का नहीं, बल्कि आत्मानुभूति का विषय है, और यह अनुभव केवल पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ सतगुरु की कृपा से ही संभव है। सतगुरु ही साधक को संशय से मुक्त कर आत्मज्ञान के मार्ग पर ले जाते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रभु श्री राम की दिव्य आरती के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े भाव से नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से 29 नवंबर तक चलने वाली इस दिव्य कथा में शामिल होकर प्रभु की कृपा प्राप्त करने का आग्रह किया। कथा के अंत में सभी भक्तों के लिए भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

### 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक पंचकूला में होगा भव्य आयोजन

# अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक बुलाई। उन्होंने बताया कि यह भव्य आयोजन 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सैक्टर-6 स्थित गीता चौक रहेगा, जिसे विशेष रूप से सजाया जाएगा और तीनों दिनों तक यहां विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एडीसी ने कहा कि 29 नवंबर को गीता चौक पर महायज्ञ के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके उपरांत स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थी गीत, भजन, नृत्य तथा महाभारत आधारित मंचन सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे, जिनके माध्यम से हरियाणा की संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत को




प्रदर्शित किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए क्विज़, पोस्टर व निबंध लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

30 नवंबर को गीता के उपदेशों पर आधारित विशेष सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हिंदी और संस्कृत से जुड़े विद्वान श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। इसी क्रम में महोत्सव के प्रमुख आकर्षण के रूप में छात्रों द्वारा गीता श्लोकों का सामूहिक पाठ भी आयोजित किया जाएगा। 1 दिसंबर को जिलेभर के विद्यार्थी वैश्विक गीता पाठ के अंतर्गत अश्टादश श्लोकों का उच्चारण करेंगे। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं उत्साहपूर्वक भाग लेंगी। बैठक में एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम कालका संयम गर्ग, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गौरव चौहान, नगराधीश जागृति, तहसीलदार सुरेश कुमार, जिला राजस्व अधिकारी डॉ. कुलदीप, जिला शिक्षा अधिकारी संध्या मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सुबह 6 से लेकर 7:30 बजे तक सैक्टर- 5 के अंदरुनी मार्ग बंद

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

ट्रैफिक पुलिस ने सैक्टर-5 के अंदरुनी मार्गों पर सुबह के समय यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव करते हुए 6 बजे से 7:30 बजे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है।

एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि शालीमार ग्राउंड के पीछे का मार्ग, नाइट फूड मार्केट के पास वाला रास्ता, परेड ग्राउंड के सामने, हेफैड बिल्डिंग के पीछे, धरना स्थल के सामने से होते हुए बैलाविस्टा की बैक साइड तक का पूरा मार्ग तथा फूड मार्केट के पास स्लिप रोड और पार्क से सटे रास्ते इस अवधि में बंद रहेंगे। एसीपी सिंह ने कहा कि यह निर्णय स्थानीय निवासियों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि लोग बिना वाहन शोर और बाधाओं के शांत वातावरण में सुबह की सैर, योग, जॉगिंग और अन्य फिटनेस गतिविधियों का आनंद ले सकें।

उन्होंने बताया कि मॉर्निंग पीस ज़ोन विकसित करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस के डीजीपी ओ.पी. सिंह के निर्देशानुसार यह कदम उठाया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सुबह 6 बजे से पहले या 7:30 बजे के बाद ही इन मार्गों का उपयोग करें तथा नियमों का पालन करते हुए पुलिस का सहयोग करें।

पुलिस का कहना है कि इस पहल से नागरिकों को प्रदूषण और ट्रैफिक शोर से राहत मिलेगी और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन मिलेगा।

**पेज 6 एंकर स्टोरी**

### अकाल अकादमी में पंचकूला पुलिस का जागरूकता सत्र

# साइबर ठगी, नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा पर छात्रों को किया शिक्षित

**समर न्यूज़ | पंचकूला**



अकाल अकादमी में पंचकूला पुलिस स्टूडेंट्स को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए। -समर न्यूज़

रायपुर रानी क्षेत्र के डाकरा साहिब गांव स्थित अकाल अकादमी में नवंबर माह के दौरान रायपुर रानी थाना पुलिस टीम एवं एंटी नारकोटिक्स यूनिट द्वारा विद्यार्थियों के लिए नशामुक्ति और सुरक्षा संबंधी विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। सत्र के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव, इसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर परिणामों और इससे भविष्य पर पड़ने वाले खतरे के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा समाज में नशा-निवारण की जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही छात्रों को साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं—सोशल मीडिया के गलत उपयोग, आपत्तिजनक सामग्री साझा करने के कानूनी परिणाम, ऑनलाइन ठगी से बचाव—के विषय में भी जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने यातायात नियमों, बिना लाइसेंस वाहन चलाने के दुष्परिणाम, सड़क सुरक्षा और हेलमेट/सीट बेल्ट के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को मोबाइल फोन की लत से बचने, समय का सदुपयोग करने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की सलाह दी गई। विद्यालय प्रशासन ने इस सार्थक एवं प्रभावशाली जागरूकता सत्र के लिए पंचकूला पुलिस का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान रायपुर रानी थाना टीम से सब-इंस्पेक्टर जिया लाल, एएसआई धनी राम, मुख्य सिपाही राजीव, सिपाही श्याम सिंह और सिपाही नसीब ने विद्यार्थियों से संवाद किया।

# फर्जी वोटिंग के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, संविधान, लोकतंत्र की रक्षा को संघर्षः राव नरेंद्र

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

वोट छोड़-गद्दी छोड़ अभियान के तहत हरियाणा कांग्रेस पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में पंचकूला में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में भाजपा पर कथित वोट चोरी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया।

अपने संबोधन की शुरुआत में राव नरेंद्र सिंह ने माता मनसा देवी, माता कालका और गुरु तेग बहादुर जी को प्रणाम करते हुए कहा कि दिल्ली में राहुल गांधी ने पत्रकार वार्ता में हरियाणा में कथित वोट धांधली से जुड़े आंकड़ों का तथ्यात्मक खुलासा किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने फर्जी वोटों के सहारे जनता के साथ धोखा कर सत्ता हासिल की है।



उन्होंने बताया कि कालका विधानसभा में 18,876 और पंचकूला विधानसभा में 18,206 फर्जी वोट पाए गए, यानी जिले में कुल करीब 37,082 संदिग्ध वोट दर्ज किए गए। उनके अनुसार, यह मताधिकार पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने 'एसआईआर फार्मूले' के तहत बिहार में 65 लाख मत काटे, जो लोकतंत्र के मूल अधिकारों के खिलाफ है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग से बार-बार सवाल पूछे गए, परंतु आयोग—जो उनके अनुसार सरकार के दबाव में है—ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में भी ऐसे ही तरीकों से सत्ता हासिल की गई। उन्होंने कहा कि महिलाओं का वास्तविक सम्मान केवल कांग्रेस करती है।

# दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण लगातार बदतर होता जा रहा है : कृति सेनन



कृति सेनन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में के प्रमोशन में व्यस्त चल रही हैं। हाल ही में कृति प्रमोशन के लिए दिल्ली पहुंची थी। इस इवेंट में उनसे दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर सवाल किया गया था। इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि इसे रोकने के लिए कुछ करना चाहिए, क्योंकि ये बदतर होता जा रहा है।

प्रमोशनल इवेंट में कृति सेनन से प्रदूषण पर सवाल किया गया, तो उनकी टीम के सदस्य ने तुरंत सवाल पूछने वालीं पत्रकार से टोकते हुए कहा कि सिर्फ फिल्म से जुड़े सवाल ही किए जाएं। हालांकि एक्ट्रेस ने सवाल नजरअंदाज नहीं किया और कहा- "मुझे नहीं लगता कि कुछ भी कहने से कोई फायदा होगा। यह (प्रदूषण) लगातार बदतर होता जा रहा है। मैं दिल्ली से हूं और मुझे पता है कि पहले यह कैसा था, और यह और बिगड़ता जा रहा है। इसे रोकने के लिए कुछ करने की जरूरत है, वरना एक समय ऐसा आएगा जब हम अपने बगल में खड़े व्यक्ति को भी नहीं देख पाएंगे।"

बता दें कि दिल्ली में हुए प्रमोशनल इवेंट में कृति सेनन के साथ धनुष और फिल्म के डायरेक्टर आनंद एल.राय भी पहुंचे थे। फिल्म तेरे इश्क में की टीम इंडिया गेट भी पहुंची थी।

फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग दिल्ली में ही हुई है। फिल्म के ट्रेलर में भी दिल्ली के कई हिस्से नजर आए हैं। ये फिल्म 28 नवंबर को रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। फिल्म का कंपोजिशन ए.आर.रहमान ने किया है। फिल्म में धनुष, शंकर के किरदार में हैं वहीं कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है।

# शूटिंग के दौरान फातिमा को पड़ा था मिर्गी का दौरा



एक्टर विजय वर्मा और फातिमा सना शेख 'गुस्ताख इश्क' के जरिए जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। फिलहाल विजय और फातिमा फिल्म के प्रमोशन के लेकर बिजी हैं।

इसी दौरान उन्होंने एक इंटरव्यू में मेंटल हेल्थ पर खुलकर बात की है। इसके अलावा विजय ने फातिमा की परमिशन से गुस्ताख इश्क के सेट पर हुए उनके मेडिकल कंडीशन एपिलेप्सी (मिर्गी) का किस्सा शेयर किया।

दरअसल, दोनों ही स्टार मैशेबल इंडिया के पॉडकास्ट में पहुंचे थे। यहां पर विजय ने बताया कि कैसे फातिमा को पहले से पता चल गया था कि उनकी तबीयत बिगड़ने वाली है।

गुस्ताख इश्क 28 नवंबर को थिएटर में रिलीज होगी।

विजय कहते हैं- 'जब हम शूट कर रहे थे तो इसने मुझे और कुछ क्रू मेंबर्स को पहले ही बता दिया था कि अगर अटैक आता है तो हमें क्या करना है। राइट साइड करके लेटाना है। सिर के नीचे तकिया रखना है। मुंह पर कुछ नहीं होना चाहिए। सांस लेने के लिए स्पेस होना चाहिए।

मुझे लगा कि शायद वो डराने के लिए ऐसा बोल रही है। उसी रात पैकअप के समय मैं शूटिंग के बीच में बाहर बैठकर किताब पढ़ रहा था, तभी मुझे अचानक एक आवाज सुनाई दी। मैं अंदर गया, तब तक फातिमा को दौरा पड़ चुका था।'

वो आगे कहते हैं- 'उस वक्त मैं खुद को बहुत कमजोर और असहाय महसूस कर रहा था। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं।

मुझे वो सारी बातें याद आईं जो उसने मुझे बताई थीं। हमने शूट पर एक बेड खाली किया और उसे लेटा दिया। हवा आने की जगह बनाई। आसपास बहुत लोग थे, उन्हें कम करा दिया।


मैं बस उसके सिर पर हाथ रख पास बैठ गया। ये कुछ देर तक चला। फिर हम उसे कार में होटल ले गए। जब वह होटल आई तो होश में थी, लेकिन उसे कुछ याद नहीं था।'

दोनों साथ में पहली बार स्क्रीन शेयर कर रहे हैं। गुस्ताख इश्क एक पीरियड रोमांस फिल्म है।

बता दें कि फातिमा सना शेख ने रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट में पहली बार मिर्गी के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया था कि कैसे इस बीमारी के साथ जीना आसान नहीं है।

विजय और फातिमा के वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्टर पिछले साल नेटफ्लिक्स की फिल्म 'मर्डर मुबारक' और सीरीज 'IC 814:द कंधार हाईजैक' में नजर आए थे। वहीं, फातिमा हाल ही में नेटफ्लिक्स की फिल्म 'आप जैसा कोई' और 'मेट्रो इन दिनों' में दिखी थीं।

# पैट कमिंस को लेकर कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने दिया अपडेट



**पर्थ**। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले पैट कमिंस पूरी ताकत के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को लगता है कि कमिंस का रिहैबिलिटेशन पूरा होने वाला है। हालांकि, कोच ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि ब्रिस्बेन में दूसरे एशेज टेस्ट में कमिंस के खेलने पर आखिरी फैसला कुछ समय बाद लिया जाएगा। पैट कमिंस सोमवार के बजाय मंगलवार को अपना बॉलिंग सेशन करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर जल्द ही उनकी वापसी की तैयारी पर चर्चा करने वाले हैं। अगर कमिंस ब्रिस्बेन टेस्ट में वापसी करते हैं और मैच पूरे पांच दिन चलता है, तो भी एडिलेड में तीसरा टेस्ट खेले जाने तक उन्हें एक हफ्ते से ज्यादा दिनों का आराम मिलेगा। कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, "ऐसा लग रहा था कि पैट कमिंस अपने रिहैबिलिटेशन के पूरा होने के करीब हैं। उनकी गेंदों में गति थी। कमिंस के साथ काफी सकारात्मक चीजें हैं। इस टेस्ट मैच से पहले उनकी वापसी पर चर्चा होगी। हो सकता है कि यह हमारे लिए देरी से हो। उन्हें थोड़ा काम करना है, लेकिन वह वापसी के करीब हैं।" इस बीच तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं। मैकडोनाल्ड ने एशेज में उनकी वापसी के लिए कोई समयसीमा तय करने से इनकार कर दिया है।

कोच मैकडोनाल्ड ने कहा, "हेजलवुड अपने रिहैब के पहले हफ्ते में हैं।

# कमर दर्द को कहें अलविदा, बस करना होगा अपनी इन आदतों में बदलाव



**नई दिल्ली**। आज के समय में कमर दर्द एक बहुत ही आम समस्या है। दिनभर मोबाइल चलाते हुए झुककर बैठना, लंबे समय तक कुर्सी पर टिके रहना, गलत तरीके से वजन उठाना और बढ़ता हुआ वजन ये सब मिलकर कमर को कमजोर बना देते हैं, इसलिए इससे बचने के लिए रोजमर्रा की आदतें सुधारना बहुत जरूरी है। कुछ छोटे से बदलाव अपनाकर कमर दर्द को काफी हद तक रोका जा सकता है। सबसे पहला और जरूरी है सही तरीके से बैठना। बहुत देर तक झुककर बैठने से रीढ़ पर जोर पड़ता है, इसलिए हमेशा पीठ सीधी रखें और कोशिश करें कि लैपटॉप आंखों की ऊंचाई पर रहे। फोन देखते समय गर्दन नीचे न झुकाएं। हर 30-40 मिनट में उठकर थोड़ा चल लें या स्ट्रेच कर लें, इससे कमर का दबाव कम होता है। इसके साथ ही, रोज 5 मिनट की स्ट्रेचिंग भी कमर को काफी राहत देती है। कैट-काउ, बालासन और भुजंगासन जैसे हल्के योगासन रीढ़ को लचीला बनाते हैं और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत रखते हैं। स्ट्रेचिंग हमेशा धीरे और आराम से करनी चाहिए। दूसरा बड़ा कारण है गलत तरीके से वजन उठाना। अचानक झुककर भारी चीजें उठाने से कमर पर खिंचाव आता है। इसलिए हमेशा घुटनों को मोड़कर और कमर सीधी रखकर ही वजन उठाएं। दोनों हाथों में वजन बराबर रखने से भी दबाव कम होता है। सोने की आदतें भी कमर को काफी प्रभावित करती हैं। बहुत मुलायम गद्दा कमर को बिगाड़ देता है, इसलिए मीडियम-फर्म गद्दा चुनें। पीठ के बल सोते समय घुटनों के नीचे तकिया और करवट लेकर सोते समय पैरों के बीच तकिया रखने से रीढ़ को सही सपोर्ट मिलता है।

वजन को नियंत्रित रखना भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि बढ़ता हुआ वजन कमर पर सीधा दबाव डालता है। रोज हल्की चाल, सीढ़ियां चढ़ना और एक्टिव रहना वजन कंट्रोल में मदद करता है।

कमर दर्द में हल्का गर्म सेक और तेल मालिश भी राहत देते हैं। तिल या सरसों के तेल की हल्की मालिश मांसपेशियों को आराम देती है और गर्माहट से रक्तसंचार बेहतर होता है। इसके अलावा, दिनभर पर्याप्त पानी पीना, मोबाइल का सही से इस्तेमाल, लंबी ड्राइव के दौरान ब्रेक लेना, व्यायाम करना और पेट को साफ रखना भी कमर की सेहत के लिए जरूरी है।

# गुवाहाटी टेस्ट : मार्को जानसेन ने लगाया 'छक्का', साउथ अफ्रीका के पास 314 रन की लीड



**गुवाहाटी**। साउथ अफ्रीका ने बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में जारी दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन तक 314 रन की बढ़त हासिल कर ली है। दिन की समाप्ति तक मेहमान टीम ने अपनी दूसरी पारी में बगैर कोई विकेट गंवाए 26 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी साउथ अफ्रीकी टीम ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए। इस पारी में साउथ अफ्रीका की ओर से सेनुरन मुथुसामी ने सर्वाधिक 109 रन बनाए, जबकि मार्को जानसेन ने 93 रन की पारी खेली। इनके अलावा, ट्रिस्टन स्टब्स ने 49 रन टीम के खाते में जोड़े।

भारत की तरफ से कुलदीप यादव ने 4 विकेट हासिल किए, जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने 2-2 विकेट निकाले।

इसके जवाब में भारतीय टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 201 रन पर सिमट गई। इस पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने सर्वाधिक 58 रन बनाए, जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने 48 रन की पारी खेली।

टीम इंडिया को केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े, लेकिन केएल राहुल (22) के आउट होते ही टीम लड़खड़ा गई। आलम ये रहा कि भारत ने 122 रन तक अपने 7 विकेट गंवा दिए।

यहां से कुलदीप यादव ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ आठवें विकेट के लिए 72 रन जोड़े। वॉशिंगटन 48 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि कुलदीप ने 19 रन की पारी खेली।

विपक्षी टीम की तरफ से मार्को जानसेन ने 6 विकेट निकाले। साइमन हार्मर ने 3 सफलताएं प्राप्त कीं। एक विकेट केशव महाराज के नाम रहा।

साउथ अफ्रीका ने पहली पारी के आधार पर 288 रन की बढ़त बना ली थी, लेकिन मेजबान टीम को फॉलोऑन नहीं दिया।

### गोवा में खेली जाएगी लीजेंड्स प्रो टी20 लीग

# हरभजन-धवन समेत ये दिग्गज खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली**। लीजेंड्स प्रो टी20 लीग के पहले संस्करण का आयोजन अगले साल 26 जनवरी से 4 फरवरी के बीच गोवा में होगा। इसमें 6 फ्रेंचाइजी के 90 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें हरभजन सिंह, शिखर धवन, शेन वॉटसन और डेल स्टेन जैसे दिग्गजों का नाम शामिल है। यह पूरा टूर्नामेंट वेर्ना में नवनिर्मित 1919 स्पोर्ट्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क को लीग कमिश्नर नियुक्त किया गया है। अपनी नई भूमिका को लेकर माइकल क्लार्क ने बताया कि वह एक ऐसी लीग का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं, जो इतने सारे शीर्ष खिलाड़ियों को एक साथ लाती है।

माइकल क्लार्क ने कहा, "भारत, क्रिकेट के सबसे बड़े घरों में से एक होने के नाते, मेरे लिए विशेष स्थान रखता है। फैंस का जुनून और पुराने दोस्तों और कड़े प्रतिद्वंद्वियों के साथ फिर से जुड़ने का मौका इसे वास्तव में खास बनाता है। मैं इस नई भूमिका में लीजेंड्स प्रो टी20 लीग का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं। इतने सारे शीर्ष खिलाड़ियों को लीग में एकसाथ देखना रोमांचक है। गोवा एक शानदार वेन्यू है। मैं फैंस को उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेट, कड़े मुकाबलों और मैदान पर यादगार पलों का आनंद लेते देखने के लिए उत्साहित हूं।"

लीजेंड्स प्रो टी20 लीग का लक्ष्य लीजेंड्स क्रिकेट क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नए मानदंड स्थापित करना है। टीम के नाम और टिकट से जुड़ी जानकारी के बारे में घोषणाएं जल्द होंगी।

लीजेंड्स प्रो टी20 लीग महज एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि यह एक असाधारण वैश्विक क्रिकेट अनुभव होगा, जिसमें फैंस दुनियाभर से दिग्गज खिलाड़ियों को एकसाथ खेलते देखेंगे। शिखर धवन, हरभजन सिंह, शेन वॉटसन और डेल स्टेन जैसे प्रतिष्ठित नामों के साथ फैंस को नए साल में एक रोमांचक शुरुआत की उम्मीद होगी। यह लीग उन दिग्गज खिलाड़ियों को एक मंच पर ला रही है, जिन्होंने पीढ़ियों को प्रेरित किया है।

### • चौड़ा बाजार से लेकर फील्डगंज तक लंबा जाम, सिविल अस्पताल रोड पर बार-बार दोहराई जा रही लापरवाही

# दुकानदारों की मनमानी... बाजार बना 'नो मूविंग जोन', लोग हो रहे परेशान



चौड़ा बाजार में खरीदारी करने आए लोगों की भीड़ और अवैध कब्जे।



चौड़ा बाजार में फंसी गाड़ी।



फील्ड गंज में फंसी तीन एंबुलेंस। -समर न्यूज





इधर, भीड़ में फंसे पीसीआर के मुलाजिम, उधर, पुलिसकर्मी एंबुलेंस से पहले लोगों को निकालते हुए। -समर न्यूज

**हरजीत सिंह**
**लुधियाना | समर न्यूज**

रविवार को शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक चौड़ा बाजार में अवैध कब्जों और अनियंत्रित भीड़ ने हालात पूरी तरह बिगाड़ दिए। लोगों की ओर से लगाए गए अवैध ठेले, रेहड़ियां और दुकानों के बाहर फैले सामान ने बाजार में चलना तक मुश्किल कर दिया। भीड़ इस कदर थी कि ऐसा लग रहा था जैसे कोई बड़ा त्योहार चल रहा हो। खास बात यह कि पिछले रविवार नगर निगम की ओर से सभी चार जोनों में अवैध कब्जों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई थी, लेकिन इस रविवार निगम की कोई गतिविधि न दिखने के कारण दुकानदारों ने दोबारा कब्जे जमा लिए। घंटा घर से लेकर रेखी चौक तक दुकानों के बाहर अवैध तौर पर फैले सामान की वजह से पैदल चलना तक चुनौती बन गया। लोगों का कहना है कि निगम की ढीली निगरानी के कारण हर रविवार यही हालात बनते जा रहे हैं। इसी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर कई बार जेबकतरों की गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना रहती है। प्रशासन की ओर से पहले ही स्पष्ट निर्देश थे कि बाजार में कोई भी वाहन न प्रवेश करे, परंतु दिनभर कई वाहन भीड़ में रास्ता निकालने की कोशिश करते दिखे, जिससे अव्यवस्था और बढ़ गई। दूसरी ओर फील्ड गंज क्षेत्र में भी रविवार को चिंताजनक हालात देखने को मिले। फील्ड गंज से सिविल अस्पताल की दूरी करीब ढाई किलोमीटर है और इसी रास्ते से रोजाना कई एंबुलेंस गुजरती हैं। प्रशासन ने कई बार निर्देश जारी किए हैं कि एंबुलेंस को बिना किसी रुकावट के निकलने दिया जाए, लेकिन इसके बावजूद जाम और अवैध रेहड़ी-फड़ी ने एंबुलेंस की आवाजाही को बाधित कर दिया। रविवार को सिविल अस्पताल से निकलने वाली तीन एंबुलेंस भारी जाम में फंस गईं। मरीजों की हालत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों भी कई बार ऐसी स्थिति बन चुकी है, जिनमें प्रशासन को मौके पर पहुंचकर रास्ता साफ करवाना पड़ा था। यहां तक कि पुलिस की पीसीआर भी उसी जाम में फंसी दिखाई दी। सबसे चिंताजनक दृश्य यह रहा कि एंबुलेंस पीछे खड़ी थी और उसे रास्ता देने की जगह आम लोगों को हटाया जा रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने इस बात पर हैरानी जताई कि जहां प्राथमिकता एंबुलेंस को निकालने की होनी चाहिए थी, वहीं पुलिस कर्मचारी पहले भीड़ को काबू करने में लगे थे। कई दुकानदारों ने भी माना कि अगर प्रशासन नियमित रूप से कार्रवाई करे, तो न अवैध कब्जे लगेंगे और न जाम की समस्या पैदा होगी। लोगों का कहना है कि सवाल सिर्फ भीड़ या कब्जों का नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का भी है। शहर में हर रविवार ऐसे हालात देखने को मिलते हैं, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा। अब देखना यह है कि निगम इन अवैध कब्जों पर सख्ती दिखाता है या हालात यूं ही बिगड़ते रहेंगे।

# समिति ने पंजाब में किया संगठन विस्तार, मालवा जोन-1 के संगठन महासचिव बने वरुण मेहता

**समर न्यूज | लुधियाना**



सनातन सेवा समिति के सदस्य। -समर न्यूज

सनातन सेवा समिति ने पंजाब में अपने संगठन का विस्तार करते हुए विभिन्न जोनों व जिलों में नई नियुक्तियों की घोषणा की। स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित बैठक की अध्यक्षता समिति के राष्ट्रीय प्रमुख विजय शर्मा ने की। कार्यक्रम का आयोजन मालवा जोन-1 के नव नियुक्त संगठन महासचिव वरुण मेहता द्वारा किया गया। बैठक में मौजूद विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने कहा कि आम आदमी पार्टी व पंजाब सरकार सनातन सेवा समिति के साथ खड़ी है और समाज से जुड़ी लंबित मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर विधायक अशोक पाराशर पप्पी, राज्य महिला आयोग की सदस्य अजिंद्र कौर, ब्राह्मण वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन पंकज शारदा, जिला महिला इंचार्ज मनीषा कपूर, पार्षद बिट्टू भनोट, नीरज आहूजा बूटा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय प्रमुख विजय शर्मा ने संबोधन में कहा कि पंजाब के सनातन समाज के अधिकारों की आवाज बुलंद करना समिति का संकल्प है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान से राज्य के ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण की मांग उठाई गई है। साथ ही पंजाब सरकार द्वारा प्रस्तावित बेअदबी कानून में सनातन धर्म के सभी ग्रंथों व काव्यों को शामिल करने का पक्ष भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि पंजाब के 42 प्रतिशत सनातनी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशभर में ब्लॉक, वार्ड, जिला और विधानसभा हल्का स्तर पर संगठन का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर परविंदर बहल को दोआबा जोन का इंचार्ज, जोगिंद्र शर्मा को मालवा जोन इंचार्ज, प्रणव धवन को माझा जोन इंचार्ज, वरुण मेहता को मालवा जोन-1 का संगठन महासचिव, तथा अभिनंदन को माझा जोन का संगठन महासचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा जिला स्तर पर निखिल शर्मा लुधियाना, यश चड्ढा जालंधर, सुखदेव शर्मा फरीदकोट, विकास कपूर मोगा और संजीव कपूर पठानकोट को जिला इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई।

### शाही इमाम ने जताया विरोध, सरहिंद की ऐतिहासिक मस्जिद में शूटिंग पर कड़ी आपत्ति

# सोनम बाजवा व पिट स्यापा फिल्म यूनिट पर कार्रवाई की मांग

**समर न्यूज | लुधियाना**



प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी। -समर न्यूज

पंजाब के शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने सरहिंद स्थित ऐतिहासिक मस्जिद भगत सदना कसाई में पंजाबी फिल्म पिट स्यापा की शूटिंग को गंभीर मुद्दा बताते हुए जिला फतेहगढ़ साहिब पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शाही इमाम ने कहा कि फिल्म की अभिनेत्री सोनम बाजवा, निर्देशक, पूरी फिल्म यूनिट तथा संबंधित विभाग के खिलाफ धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जानी चाहिए।

शाही इमाम ने कहा कि मस्जिदें इबादतगाह हैं और किसी भी मस्जिद में फिल्मी शूटिंग की अनुमति नहीं दी जाती। उन्होंने बताया कि जिस मस्जिद में शूटिंग की गई है, वह ऐतिहासिक महत्व रखती है और भगत सदना जी के नाम पर स्थापित है। भगत सदना जी सिख और मुस्लिम दोनों समाजों में सम्मानित माने जाते हैं तथा उनकी वाणी श्री गुरु ग्रंथ साहिब में भी संकलित है। मौलाना उस्मान लुधियानवी ने मस्जिद में शूटिंग को पवित्रता भंग बताकर कहा कि धार्मिक स्थलों की गरिमा को ठेस पहुंचाना किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि धर्म की आस्था के साथ इस तरह का खिलवाड़ रोकने के लिए कड़े कानून की आवश्यकता है।

शाही इमाम ने फिल्म निर्माताओं को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि पहले फिल्में समाज को संदेश देती थीं, लेकिन आज कई निर्माता केवल व्यावसायिक लाभ को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि अभिनेत्री और निर्माता समझदारी दिखाते, तो मस्जिद में शूटिंग जैसा कदम कभी न उठाते।

# वार्ड 73 में पैचवर्क पर घमासान पार्षद रुचि ने रोका रोड रोलर

### • निगम कमिश्नर के घर पर लगाया धरना, पार्षद रुचि ने महिला आयोग में दर्ज करवाई शिकायत

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज**



वार्ड-73 में पैचवर्क को लेकर मंगलवार को जमकर बवाल हुआ। बीजेपी पार्षद रुचि गुलाटी और आप वर्कर के बीच दोपहर को सड़क पर तीखी बहस हुई, जिसके बाद पैचवर्क का काम रोकना पड़ा। विवाद की वजह यह बताई जा रही है कि आप वर्कर अपने क्षेत्र से काम शुरू करवाने पर अड़ा था, जबकि पार्षद का कहना था कि पैचिंग वहीं से शुरू होगी जहां पिछली बार काम रुका था। पार्षद का आरोप है कि गाड़ी उन्होंने बीएंडआर विभाग के जरिए मंगवाई थी, जबकि आप वर्कर विधायक के ऑफिस का दबाव बताकर काम अपनी पसंद की जगह से शुरू करवाना चाहता था। इसी के विरोध में पार्षद ने समर्थकों व स्थानीय लोगों के साथ रोड रोलर के आगे धरना दे दिया और मशीन को आगे बढ़ने नहीं दिया। सोशल मीडिया पर पार्षद द्वारा लाइव वीडियो डालने के बाद विवाद और तूल पकड़ गया।

**▪ शाम को निगम कमिश्नर के घर घेराव...** देर शाम तक काम शुरू न होने और अधिकारी सुनवाई न करने पर पार्षद रुचि गुलाटी 5 से 7 समर्थकों के साथ निगम कमिश्नर के घर के बाहर पहुंच गईं और पक्का धरना लगा दिया। पार्षद का कहना है कि आप सरकार में बीजेपी पार्षदों को अपने अधिकारों के लिए हर बार धरना देना पड़ता है। मैं अपने लिए नहीं, वार्ड के लिए लड़ रही हूं जिन्हें जनता ने वोट देकर जिताया है, वही आज विकास रोकने पर तुले हैं। पार्षद का आरोप है कि आप वर्कर ने उनके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और महिला होने के नाते ऐसे शब्द स्वीकार नहीं किए जा सकते।

**▪ महिला आयोग में शिकायत दर्ज...** घटना के बाद पार्षद रुचि गुलाटी ने राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने लिखा है कि नगर निगम में 50 प्रतिशत वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। सत्ताधारी दल के नेता उनकी प्रशासनिक शक्तियों को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकारी तंत्र का इस्तेमाल कर महिलाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। मामले पर विभागीय अधिकारी जानकारी न होने की बात कह रहे हैं। एसई शाम लाल गुप्ता ने कहा कि उन्हें इस मामले का पता नहीं है, बुधवार को इसकी जानकारी देंगे। एसडीओ अवतार सिंह तीन दिन की छुट्टी पर होने की बात कही। वहीं, जेई रुपिंदर सिंह ने फोन नहीं उठाया।

### • इंडियन आइडल अकादमी में म्यूजिकल इवनिंग का हुआ आयोजन

# कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जादू





संगीत की कला प्रदर्शन करते सिंगर। फोटो लक्की भट्टी/ समर न्यूज

**समर न्यूज | लुधियाना**

सिमेट्री रोड स्थित इंडियन आइडल अकादमी में रविवार शाम एक रंगारंग म्यूजिकल इवनिंग का आयोजन अकादमी के डायरेक्टर रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में अकादमी के प्रशिक्षुओं और शहर के संगीत प्रेमियों ने नए और पुराने गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में सनम मेहरा सीनियर वाइस चेयरपर्सन, फिक्की फ्लो लुधियाना, ऐशनी सेठी सेक्रेटरी, शीतल्याल एक्जीक्यूटिव, मिसेज इंडिया फैशन इकॉन 2024-25 दमनप्रीत कौर, वरिष्ठ गायनाकोलॉजिस्ट डॉ. अंजू गर्ग, मेकअप आर्टिस्ट उपासना वोहरा, और विज्ञापन प्रबंधक संगीता बांसल सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। संस्था रुदाभा के संचालक संदीप ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग दिया।

मुख्य अतिथियों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि संगीत आत्मा को शुद्ध करता है और मन को शांति देता है। इस मौके पर डायरेक्टर रविनंदन शर्मा ने अतिथियों को सम्मानित किया। रविनंदन शर्मा ने कहा कि अकादमी सभी आयु वर्ग के लोगों को सिंगिंग ट्रेनिंग उपलब्ध करा रही है क्योंकि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने बताया कि कई लोग कामकाज के चलते अपनी कला को दबा देते हैं, लेकिन ऐसे मंच उनके आत्मविश्वास को बढ़ाकर उन्हें अपनी प्रतिभा दुनिया के सामने रखने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन लगातार किए जाते रहेंगे।

**प्रतियोगिता** | राज्य स्तरीय साहित्य सृजन व कविता गायन प्रतियोगिता में छात्राओं का दबदबा

# कहानी लेखन में हरनूर प्रथम, मनकर्णजोत द्वितीय, गुरलीन तृतीय पर रहीं

**समर न्यूज | लुधियाना**



विजेता छात्राओं को सम्मानित करते हुए। -समर न्यूज

भाषा विभाग पंजाब की ओर से मालवा सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन फ़ॉर वीमेन में राज्य स्तरीय साहित्य सृजन एवं कविता गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। चारों वर्गों कविता गायन, कविता लेखन, कहानी लेखन और निबंध लेखन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के निदेशक जसवंत सिंह जफर ने की, जबकि शिरोमणि बाल साहित्यकार कमलजीत नीलों मुख्य अतिथि रहे। नीलों द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय बाल रचनाओं ने कार्यक्रम में रचनात्मकता और उत्साह का रंग घोल दिया।

इस अवसर पर डॉ. सतविंदर सिंह चीमा की पुस्तक एजुकेशन इन कंटेम्परारी इंडिया का विमोचन भी हुआ। प्रतियोगिता के सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को क्रमशः 2,000 रुपये 1,500 और 1,000 रुपये की नकद राशि, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। फोटो में डायरेक्टर जसवंत सिंह जफर, कमलजीत नीलों व अन्य विशिष्टजन विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कहानी लेखन प्रतियोगिता में हरनूर कौर प्रथम, मनकर्णजोत कौर द्वितीय और गुरलीन कौर तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध लेखन प्रतियोगिता में नवदीप कौर ने प्रथम, मेहकप्रीत कौर ने द्वितीय और संतोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में अंशिका पुन प्रथम, हरनूर कौर द्वितीय और जैसमिन कौर तृतीय रहीं। कविता गायन प्रतियोगिता में हरशीन कौर प्रथम, मनकीरत कौर द्वितीय और भाविका तृतीय रहीं।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 80